संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -164 मंगलवार , 16 अप्रैल 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# पीएम का आरोप:चुनावी बॉन्ड स्कीम पर विपक्ष ने फैलाया झूठ

» देश को काले धन की तरफ धकेला, हर कोई पछताएगा...

» 2014 के पहले भी चुनावों में खर्चा होता था...

» तब कौन-सा पैसा कहां से आया और किसने खर्च किया, इसकी जानकारी नहीं मिलती थी...कोई भी सिस्टम परफेक्ट नहीं होता...कमियों को सुधारा जा सकता है...




नई दिल्ली,15 अप्रैल 2024 (ए)। लोकसभा चुनाव से पहले सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी चंदे की स्कीम यानी इलेक्टोरल बॉन्ड को खत्म कर दिया है। विपक्षी दल इसे मुद्दा बना रहे हैं। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इलेक्टोरल बॉन्ड के मुद्दे पर बयान दिया है। पीएम मोदी ने विपक्षी दलों पर चुनावी बॉन्ड यानी इलेक्टोरल बॉन्ड्स स्कीम को लेकर झूठ फैलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा,इलेक्टोरल बॉन्ड के कारण आपको मनी ट्रेल का पता चल रहा है। किस कंपनी ने पैसा दिया? उन्होंने पैसे किसे दिया? पैसा कहां दिया? इन सवालों के जवाब मिल पा रहे हैं। इसलिए मैं कहता हूं कि जब विपक्षी दल ईमानदारी से सोचेंगे, तो हर किसी को पछतावा होगा। जो लोग डेटा पब्लिक होने को लेकर हल्ला मचा रहे हैं, उन्हें बाद में अफसोस होगा। उन्होंने देश को काले धन की तरफ धकेला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंटरव्यू में ये बातें कही. मोदी ने कहा कि 2014 के पहले भी चुनावों में खर्चा होता था। तब कौन-सा पैसा कहां से आया और किसने खर्च किया, इसकी जानकारी नहीं मिलती थी। कोई भी सिस्टम परफेक्ट नहीं होता. कमियों को सुधारा जा सकता है।

### इलेक्टोरल बॉन्ड्स सरकार का था शुद्ध विचार

मोदी ने कहा, हमारे देश में लंबे समय से चर्चा चल रही है कि काले धन के जरिए चुनावों में एक खतरनाक खेल होता है। देश के चुनावों में काले धन का खेल खत्म हो, यह चर्चा लंबे समय से चल रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, बेशक चुनाव में भारी मात्रा में पैसा खर्च होता है। मेरी पार्टी भी चुनाव में पैसे खर्च करती है।. सभी पार्टियां और सभी उम्मीदवार पैसे खर्च करते हैं.।पैसा चंदे के तौर पर लोगों से लेना पड़ता है. मैं चाहता था कि हम कुछ ऐसा करें, जिससे हमारा चुनाव में काले धन का इस्तेमाल न हो पाए. मेरे मन में एक शुद्ध विचार था. हम एक छोटा सा रास्ता ढूंढ रहे थे. हमने कभी यह दावा नहीं किया कि यह बिल्कुल सही रास्ता है।

पीएम ने कहा,जब संबंधित विधेयक पारित किया गया था, तब संसद में बहस हुई थी. आज जो लोग इलेक्टोरल बॉन्ड्स की आलोचना कर रहे हैं, उन्हीं लोगों ने तब इसका समर्थन किया था।

### सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी को खत्म की थी इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम

शुरू से ही विवादों में घिरी केंद्र सरकार की इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम को सुप्रीम कोर्ट ने 15 फरवरी को असंवैधानिक करार दिया था। इस स्कीम के तहत जनवरी 2018 और जनवरी 2024 के बीच 16,518 करोड़ रुपये के इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे गए थे। इसमें से ज्यादातर राशि राजनीतिक दलों को चुनावी फंडिंग के तौर पर दी गई थी. सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआईसे इलेक्टोरल बॉन्ड का डेटा मांगा था, चुनाव आयोग को उसे अपनी वेबसाइट पर अपलोड करने को कहा गया था.चुनाव आयोग ने 14 मार्च को इलेक्टोरल बॉन्ड का डेटा अपनी वेबसाइट पर जारी किया, जिसके बाद पता लगा कि बीजेपी सबसे ज्यादा चंदा लेने वाली पार्टी है। 12 अप्रैल 2019 से 11 जनवरी 2024 तक पार्टी को सबसे ज्यादा 6,060 करोड़ रुपये मिले हैं। लिस्ट में दूसरे नंबर पर तृणमूल कांग्रेस (1,609 करोड़) और तीसरे पर कांग्रेस पार्टी (1,421 करोड़) है।

### चेक के जरिए पेमेंट करने में कारोबारियों को थी दिक्कत

पीएम मोदी ने कहा, बीजेपी ने पहले सभी पब्लिक डोनेशन चेक के जरिए लेने का फैसला किया था। इससे कारोबारियों को दिक्कत थी। उन्होंने कहा कि वो इस मोड से पेमेंट नहीं कर सकते क्योंकि सरकार को पता चल जाएगा कि उन्होंने एक राजनीतिक दल को कितना योगदान दिया है। जिससे बाद में उन्हें परेशानी हो सकती है. कारोबारियों ने कहा था कि वो डोनेशन देना चाहते हैं, लेकिन चेक के जरिए नहीं, बल्कि कैश मोड में चंदा लिया जाए। पीएम मोदी ने कहा, अब देखिए अगर कोई इलेक्टोरल बॉन्ड्स नहीं था, तो किस सिस्टम के पास यह पता लगाने की शक्ति है कि पैसा कैसे आया और कहां गया। इलेक्टोरल बॉन्ड्स की वजह से ही आपको मनी ट्रेल का पता चल पा रहा है।मोदी ने कहा, यह इलेक्टोरल बॉन्ड्स की सफलता की कहानी है। इस प्रक्रिया में जो हुआ वह अच्छा था या बुरा, यह बहस का मुद्दा हो सकता है...मैं कभी नहीं कहता कि निर्णय लेने में कोई कमी नहीं है, हम चर्चा करके सीखते हैं और सुधार करते हैं, लेकिन आज हमने देश को पूरी तरह से काले धन की ओर धकेल दिया है। जब वे ईमानदारी से सोचेंगे तो सभी को पछतावा होगा।पीएम मोदी ने तर्क दिया कि जांच एजेंसियों की कार्रवाई के बाद पता चला कि जिन 16 कंपनियों ने डोनेशन दिया, उनमें से सिर्फ 37 पर्सेंट रकम बीजेपी और 63 पर्सेंट बीजेपी विरोधी विपक्षी दलों को मिला।

### काले धन को खत्म करने के लिए सरकार ने लिए फैसले

पीएम ने कहा, काले धन से निपटने की कोशिशों के तहत मेरी सरकार ने 1000 और 2000 रुपये के करेंसी नोटों को बंद करने का फैसला लिया था। चुनाव के दौरान बड़ी मात्रा में ये नोट ले जाए गए। हमने ये कदम इसलिए उठाया, ताकि काला धन खत्म हो. प्रधानमंत्री ने कहा कि राजनीतिक दलों को पहले 20000 रुपये तक कैश डोनेशन लेने की परमिशन थी. बाद में इसे बदलकर 2500 रुपये कर दिया, क्योंकि हम नहीं चाहते थे कि कैश बिजनेस जारी रहे।

## संक्षिप्त खबर

### मनोज तिवारी के खिलाफ कन्हैया कुमार को कांग्रेस ने बनाया उम्मीदवार



नईदिल्ली,15 अप्रैल 2024 (ए)। देश-जनादेश के लिए तैयार है, ऐसे में राजनीति दल भी चुनावी दंगल में अपने प्रत्याशियों को लगातार उतार रहे है। कांग्रेस ने लोकसभा उम्मींदवारों की नई लिस्ट जारी किया। कांग्रेस ने अपनी इस लिस्ट में दिल्ली से तीन लोकसभा उम्मीदवार का नाम घोषित किया है। पार्टी ने नॉर्थ ईस्ट दिल्ली सीट से कन्हैया कुमार को उम्मीदवार बनाया है, वो बीजेपी के मनोज तिवारी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे।

### ममता बनर्जी ने रामनवमी पर तनाव की दी चेतावनी



कोलकाता,15 अप्रैल 2024 (ए)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को रामनवमी के अवसर पर राज्य में तनाव और हिंसा भड़काने की संभावित कोशिशों के प्रति आगाह किया। मुख्यमंत्री ने सोमवार को कूच बिहार जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा,÷भाजपा उम्मीदवार गुंडों का नेता है। 17 अप्रैल को वे तनाव और हिंसा भड़काने की कोशिश कर सकते हैं। मैं सभी को चेतावनी दे रही हूं कि किसी के उकसावे में न आएं। वे शांतिपूर्ण चुनाव नहीं चाहते, वे केवल हिंसा चाहते हैं।

### हर रोज 100 करोड़ जब्त कर रहा है चुनाव आयोग

नईदिल्ली,15 अप्रैल 2024 (ए)। लोकसभा चुनाव 2024 को निष्पक्ष रूप से करवाने के लिए चुनाव आयोग सख्त कदम उठा रहा है। सख्त कदमों के तहत चुनाव आयोग ने अब तक की सबसे बड़ी जब्ती की है। चुनाव आयोग ने आज कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चुनाव अधिकारी एक मार्च से हर दिन 100 करोड़ रुपये मूल्य की जब्ती कर रहे हैं।




## विस्थापितों पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला



नईदिल्ली,15 अप्रैल 2024 (ए)। उच्चतम न्यायालय ने मणिपुर में जातीय संघर्ष के कारण आंतरिक रूप से विस्थापित लगभग 18,000 लोगों के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान की सुविधा की मांग करने वाली याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया।मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि इस अदालत का हस्तक्षेप, विशेष रूप से इस विलंबित चरण में, मणिपुर के लिए लोकसभा के आगामी आम चुनावों के संचालन में महत्वपूर्ण बाधाएं पैदा करेगा।

### 18000 आंतरिक रूप से लोग हैं विस्थापित

पीठ ने कहा, आप अंतिम समय में आये हैं। इस स्तर पर, वस्तुतः क्या किया जा सकता है? हम इस स्तर पर हस्तक्षेप नहीं कर सकते है। वहीं, याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने कहा कि 18,000 आंतरिक रूप से विस्थापित लोग हैं। वे मणिपुर में चुनाव में मतदान करना चाहते हैं।

## लाल किले के पास कैब ड्राइवर को गोलियों से भूना

नईदिल्ली,15 अप्रैल 2024 (ए)।दिल्ली में लाल किले के पास अज्ञात व्यक्तियों ने 36 वर्षीय कैब ड्राइवर की हत्या कर दी और एक भिखारी को गोली मार दी। इस संबंध में पुलिस ने कहा कि रविवार रात 1־50 बजे एलएनजेपी अस्पताल से सूचना मिली कि जाकिर नगर के निवासी मोहम्मद साकिब को पलवल निवासी लवकुश (15) के साथ गोली लगने के बाद भर्ती कराया गया है। पुलिस को घटनास्थल से 4 से 5 खोके मिले हैं। सीसीटीवी में घटना कैद हो गई है।पुलिस उपायुक्त (उत्तर) एम.के. मीना ने कहा, उपचार के दौरान साकिब ने दम तोड़ दिया। जांच के दौरान पता चला कि लगभग आधी रात को कोडिया पुल से छत्ता रेल क्रॉसिंग की ओर आ रही एक मारुति वैगन-आर ने एक बैटरी रिक्शा को टक्कर मार दी। इस पर विवाद हो गया। थोड़ी देर की बहस के बाद वैगन-आर के ड्राइवर साकिब को दो लोगों ने जबरन गाड़ी से उतार लिया।




## आरबीआई ने शिरपुर मर्चेन्ट्स बैंक पर लगाया प्रतिबंध

### अब ग्राहक अपने बैंक खाते से पैसे भी नहीं निकाल सकेंगे

नईदिल्ली,15 अप्रैल 2024 (ए)। भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंक पर बड़ा प्रतिबंध लगा दिया है, अब बैंक ग्राहक अपने बैंक खाते से पैसे भी नहीं निकाल सकेंगे। वित्तीय अनियमितताओं के आरोप में रिजर्व बैंक ने इस बैंक के खिलाफ यह कार्रवाई की है. ताजा मामला महाराष्ट्र के शिरपुर मर्चेंट्स को-ऑपरेटिव बैंक से जुड़ा है। शिरपुर मर्चेंट्स को-ऑपरेटिव बैंक के कारोबार पर अगले 6 महीने के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया है, जिसके बाद निर्धारित अवधि के अंत में रिजर्व बैंक इस पर पुनर्विचार करेगा। यह निर्देश जारी करते हुए रिजर्व बैंक ने स्पष्ट किया कि बैंक का लाइसेंस रद्द करने का इरादा नहीं है, बल्कि यह आगामी वित्तीय अवधि के लिए उनके व्यवसाय पर एक संशोधित दृष्टिकोण है।रिजर्व बैंक के इस निर्देश के मुताबिक, शिरपुर मर्चेंट्स को-ऑपरेटिव बैंक अब अगले 6 महीने तक कोई भी नई वित्तीय डील या वित्तीय संचालन शेड्यूल नहीं कर पाएगा। रिजर्व बैंक के प्रवक्ता ने कहा, इस समय बैंक के कामकाज पर ही प्रतिबंध लगा दिया गया है. ÷बैंक को अपनी वित्तीय स्थिति सुधारने के लिए समय दिया गया है।

यहां तक कि रिजर्व बैंक का दावा है कि जब तक बैंक की वित्तीय स्थिति में सुधार नहीं हो जाता, तब तक बैंक अपना कारोबार बंद रख सकता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि बैंक का लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा.।




## सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा नेता को लगाई लताड़,कर दी सख्त टिप्पणी

नईदिल्ली,15 अप्रैल 2024 (ए)। सुप्रीम कोर्ट ने आज एक बार फिर एक भाजपा नेता को कड़ी फटकार लगाई है और सख्त टिप्पणी करते हुए भारी जुर्माना ठोकने की चेतावनी दी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि आपने ये याचिका सिर्फ इसलिए दाखिल की है, ताकि आपका फोटो प्रेस में छप जाए। दरअसल, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ उस जनहित याचिका पर आज (14 अप्रैल) सुनवाई कर रही थी, जिसमें नेताजी सुभाषचंद्र बोस की मौत की जांच कराने की मांग की गई है। ये याचिका मानवाधिकार कार्यकर्ता और भाजपा नेता पिनाक पाणि मोहंती ने दाखिल की है।

बार एंड बेंच के मुताबिक, मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, ये सब सिर्फ चुनाव से पहले प्रचार के लिए है। प्रेस में फोटो छपवाने के लिए है।÷ इसके साथ ही जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, अगर आप ऐसे ही करते रहे तो हम आप पर भारी जुर्माना लगाएंगे। इसके बाद पीठ ने मामले की सुनवाई जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी। अप्रैल के पहले हफ्ते में पिछली सुनवाई में भी जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने याचिकाकर्ता पिनाक पाणि मोहंती पर नाराजगी जताई थी और पूछा था कि उन्होंने जनहित के लिए और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए अब तक क्या-क्या काम किया है। कोर्ट ने पिछली सुनवाई में भी याचिका पर नाराजगी जताते हुए कहा था कि इसमें उन नेताओं के खिलाफ लापरवाही पूर्ण और गैर जिम्मेदाराना आरोप शामिल हैं जो अब जीवित नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की कि याचिकाकर्ता ने याचिका में महात्मा गांधी तक को नहीं छोड़ा। उसने कहा कि याचिकाकर्ता की प्रामाणिकता जांचने की जरूरत है। मोहंती ने अपनी याचिका में कहा था कि वह वर्ल्ड ह्यूमन राइट्स प्रोटेक्शन आर्गेनाईजेशन (इंडिया) के कटक जिला सचिव हैं। इसके साथ ही वह भाजपा से भी जुड़े हुए हैं।







## अरविंद केजरीवाल को राहत नहीं

### सुप्रीम कोर्ट का ईडी को नोटिस

नईदिल्ली,15 अप्रैल 2024 (ए)। कथित शराब घोटाले में जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राहत के लिए अभी और इंतजार करना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की याचिका पर तुरंत सुनवाई से इनकार किया है। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी करते हुए 24 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने को कहा है। देश की सबसे बड़ी अदालत ने केजरीवाल की याचिका पर अब महीने के अंत में बहस होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर सुनवाई शुरू की, जिसमें उन्होंने कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को बरकरार रखने के दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ उनकी याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया। जस्टिस संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की बेंच ने केंद्रीय जांच एजेंसी को 24 अप्रैल तक अपना जवाब दाखिल करने को कहा है।

## इस बार श्री रामलला का जन्मोत्सव होगा अद्भुत



» सोने-चांदी से बने वस्त्र पहनेंगे भगवान...

» सूर्य देवता भी करेंगे अभिषेक...

अयोध्या,15 अप्रैल 2024 (ए)। इस बार अयोध्या में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाने की विशेष तैयारी की जा रही है। उनके श्रृंगार से लेकर अभिषेक व पूजा-अर्चना तक को अविष्मरणीय बनाने का प्रयास किया जा रहा है। सैकड़ों वर्षों के बाद राम की नगरी में ऐसी भव्य व मनमोहक तैयारी की जा रही है।

जन्मोत्सव की तैयारियों के बारे में बताते हुए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कार्यालय प्रभारी प्रकाश गुप्ता ने कहा कि इस बार अपने जन्मदिन पर श्री रामलला चांदी और सोने के तारों से बुना विशेष डिजाइनर वस्त्र पहनेंगे। इसे दिल्ली से विमान के जरिए लाया जाएगा। इसी तरह उनके श्रृंगार और मंदिर को सजाने के लिए दिल्ली और कर्नाटक से खास तरह के पुष्प लाए जाएंगे। इस मौके पर बधाई गीत गाए जाएंगे, वेदों और पुराणों का पाठ होगा, भोग के लिए 56 प्रकार के विशेष पकवान बनाए जाएंगे। यहां तक कि भगवान सूर्य भी अपनी किरणों से भगवान का अभिषेक करते दिखाई देंगे।

जन्मोत्सव की तैयारियों के बारे में बताते हुए पूजा अर्चक समिति राम मंदिर के मिथिलेश नंदनी शरण ने कहा कि जन्मदिन के उत्साह में डूबे राम भक्त रामनवमी पर दोपहर 12 बजे गर्भ गृह का पर्दा हटने के बाद जब श्री रामलला का दर्शन करेंगे तो वह क्षण अद्भुत होगा। उस समय सूर्य की किरणें रामलला के ललाट पर पड़ेंगी और खुद सूर्य देवता उनका अभिषेक करेंगे।नंदनी शरण ने भगवान सूर्य से श्री राम के रिश्ते के बारे में बताते हुए कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने दोनों के संबंधों का बड़ा मार्मिक वर्णन किया है। गोस्वामी जी ने रामचरित मानस में लिखा है कि जब श्री राम प्रकट हुए, तब भगवान सूर्य ने कहा कि मेरा मान बढ़ गया, मैं जन्मोत्सव देखूंगा। उसके बाद अब ऐसा होने वाला है, जब दोपहर में रामलला की आरती हो रही होगी, उस समय उनके मस्तिष्क पर सूर्य की किरणें पड़ेंगी। यह वैसा ही है, जैसे किसी बालक के जन्मदिन पर उसके अभिभावक व बड़े लोग उसके सिर पर हाथ रखकर उसकी मंगल कामना करते हैं व आशीर्वाद देते हैं।

## नींद नहीं आ रही तो एक्स्ट्रा पैग लगा लेना या...

### बीजेपी नेता के महिला मंत्री पर बयान से बढ़ा विवाद

नईदिल्ली,15 अप्रैल 2024 (ए)। लोकसभा चुनाव 2024 में विवादित कमेंट थमने का नाम नहीं ले रहा है। कर्नाटक बीजेपी के पूर्व विधायक ने राज्य की महिला मंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देकर विवादों को जन्म दे दिया है। बीजेपी के पूर्व विधायक ने महिला मंत्री पर रातों को नींद न आने का कटाक्ष करते हुए उनको शराब पीने की सलाह दे डाली। कांग्रेस सरकार की मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर ने बीजेपी पर महिलाओं के अपमान का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाले नरेंद्र मोदी की पार्टी में ऐसे ही संस्कार दिए जाते हैं।

बेलगावी लोकसभा क्षेत्र में एक जनसभा के दौरान बीजेपी के पूर्व विधायक संजय पाटिल ने कहा कि कर्नाटक में बीजेपी के लिए महिलाओं का समर्थन बढ़ रहा है। इससे कांग्रेस की मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर काफी चिंतित होंगी। उनको रातों को नींद नहीं आती होगी। पाटिल ने कहा कि बेलगावी में भाजपा के लिए महिलाओं के बढ़ते समर्थन को देखते हुए हेब्बालकर को अच्छी नींद नहीं आएगी। उनके लिए रमेश जारकीहोली को वहां चुनाव प्रचार करते देखना भी मुश्किल होगा। संजय पाटिल ने सलाह दे डाला कि हेब्बालकर को अच्छी नींद के लिए एक एक्स्ट्रा पैग लेना होगा या नींद की गोली लेनी होगी।



लक्ष्मी हेब्बालकर ने बीजेपी नेता पर पलटवार करते हुए उनकी टिप्पणियों की निंदा की है। उन्होंने अपने एक वीडियो बयान में सवाल किया कि क्या पाटिल की टिप्पणी इस बात का उदाहरण है कि भाजपा महिलाओं के प्रति कितना सम्मान रखती है। यह महिलाओं के प्रति भाजपा के सम्मान को दर्शाता है। यह भाजपा का छिपा हुआ एजेंडा है। अगर आप राम, बेटी पढ़ाओ-बेटी पढ़ाओ का जाप करते हैं तो यह पर्याप्त नहीं है; आपको महिलाओं का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह हमारी हिंदू संस्कृति है। हिंदू संस्कृति के बारे में भाषण देने वाले संजय पाटिल की टिप्पणी न केवल मेरे लिए बल्कि राज्य और देश की सभी महिलाओं का अपमान है।

## संपादकीय

### कंकड़ फेंक कर ठहराव तोड़ने की कोशिश

एक इंटरव्यू में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चीन से सामान्य संबंध की बात की है। यह महत्त्वपूर्ण तो है ही, बल्कि माध्यम-स्रेत एवं मतदान के लिहाज से भी अनेक संकेत देता है।इसका प्राथमिक संदर्भ तो निश्चित ही भारत और चीन संबंध हैं पर इसके जरिए अमेरिका, रूस और तमाम यूरोपीय देश एवं वैश्विक समूहों-मंचों को एक स्पष्ट संदेश दिया गया है। इसके अपने सांदर्भिक महत्त्व हैं। देशज मतलब यह हो सकता है कि गलवान में 2020 की हिंसक झड़प के बाद से सीमा पर हालात सामान्य बनाए जाने पर ही संबंध सुधार की पहली सख्त शर्त एक थकान में बदलने लगी है। 21वें दौर की बातचीत का कोई बड़ा आउटपुट नहीं मिला है।यह विस्तृत सीमा विवाद को सुलझाने की छह दशकों से जारी वार्ता की नियति को प्राप्त हो गई है। विपक्ष को हमलावर होने को मौका मिल रहा है। इससे सत्ता पक्ष की हानि हो सकती है। यह तर्क मान लें तो इससे विपक्ष और हमलावर हो जाएगा जो पहले ही चीन के जमीन हथियाने के मामले में मोदी पर कायर होने का आरोप लगा रहा है। ऐसी स्थिति में नरमियत दिखाना विपक्ष समेत देश एवं चीन को यह मानने का संकेत देना होगा कि प्रधानमंत्री मोदी झुक गए हैं, जो सही नहीं है। जाहिर है, मोदी जैसे प्रधानमंत्री ऐसा नहीं करेंगे-विवाद का शांतिपूर्ण हल निकालने की स्वाभाविक सदिच्छा के बावजूद। सामान्य संबंध की कामना देश के विकास से जुड़ी होती है, और कोई भी राजनेता इसकी महत्ता से इनकार नहीं कर सकता, लेकिन यह संप्रभुता की कीमत पर नहीं होती।भारत जिस जगह पर है, वहां से तो इसकी कल्पना तक नहीं की जा सकती। फिलहाल, इसका देशज अर्थ यही है कि मोदी ने कंकड़ फेंक कर ठहराव तोडऩे की कोशिश की है। चीन ने खुले दिल से इसका स्वागत भी किया है।हालांकि उसने भारत के रवैये में सुधार आने को अमेरिका को संदेश दिया जाना भी पढ़ा है, जो क्वाड के मंच से भारत के जरिए चीन की घेरेबंदी कराना चाहता है, लड़ाना चाहता है। बाइडेन क्वाड, यूक्रेन करते हुए भी चीन के साथ होने का इजहार करने से बाज नहीं आ रहे तो तमाम प्रतिकूलताओं के बावजूद भारत सामान्यतया की ओर क्यों नहीं बढ़ सकता। इससे अमेरिकी दौरे तेज हो जाएंगे।

# पवित्र नवरात्री के आठवें दिन आदि शक्ति माँ दुर्गा के महागौरी स्वरूप की उपासना

माँ दुर्गा का अष्टम रूप महागौरी हैं। महागौरी की चार भुजाएं हैं उनकी दायीं भुजा अभय मुद्रा में हैं और नीचे वाली भुजा में त्रिशूल शोभता है। बायीं भुजा में डमरू डम डम बज रहा है और नीचे वाली भुजा से देवी गौरी भक्तों की प्रार्थना सुनकर वरदान देती हैं। जो स्त्री इस देवी की पूजा भक्ति भाव सहित करती हैं उनके सुहाग की रक्षा देवी स्वयं करती हैं। कुंवारी लड़की मां की पूजा करती हैं तो उसे योग्य पति प्राप्त होता है। पुरूष जो देवी गौरी की पूजा करते हैं उनका जीवन सुखमय रहता है देवी उनके पापों को जला देती हैं और शुद्ध अंतःकरण देती हैं। मां अपने भक्तों को अक्षय आनंद और तेज प्रदान करती हैं। इनका वर्ण पूर्णतः गौर है, इसलिए ये महागौरी कहलाती हैं। नवरात्रि के अष्टम दिन इनका पूजन किया जाता है। इनकी उपासना से असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं। माँ महागौरी की आराधना से किसी प्रकार के रूप और मनोवांछित फल प्राप्त किया जा सकता है। उजले वस्त्र धारण किये हुए महादेव को आनंद देवे वाली शुद्धता मूर्ती देवी महागौरी मंगलदायिनी हैं।

इनका वर्ण पूर्णतः गौर है। इस गौरता की उपमा शंख, चन्द्र और कून्द के फूल से की गयी है। इनका दाहिना ऊपरी हाथ में अभय मुद्रा में और निचले दाहिने हाथ में त्रिशूल है। बांये ऊपर वाले हाथ में डमरू और बांया नीचे वाला हाथ वर की शान्त मुद्रा में है। पार्वती रूप में इन्होंने भगवान शिव को पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इन्होंने प्रतिज्ञा की थी कि व्रियेअहं वरदं शम्भुं नान्यं देवं महेश्वरात। गोस्वामी तुलसीदास के अनुसार इन्होंने शिव के वरण के लिए कठोर तपस्या का संकल्प लिया था जिससे इनका शरीर काला पड़ गया था। इनकी तपस्या से प्रसन्न होकर जब शिव जी ने इनके शरीर को पवित्र गंगाजल से मलकर धोया तब वह विद्युत के समान अत्यन्त कांतिमान गौर हो गया, तभी से इनका नाम गौरी पड़ा।

महागौरी आदी शक्ति हैं इनके तेज से संपूर्ण विश्व प्रकाश-मान होता है इनकी शक्ति अमोघ फलदायिनी है। माँ महागौरी की अराधना से भक्तों को सभी कष्ट दूर हो जाते हैं तथा देवी का भक्त जीवन में पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी बनता है। दुर्गा सप्तशती में शुभ निशुम्भ से पराजित होकर गंगा के तट पर जिस देवी की प्रार्थना देवतागण कर रहे थे वह महागौरी हैं। देवी गौरी के अंश से ही कौशिकी का जन्म हुआ जिसने शुम्भ निशुम्भ के प्रकोप से देवताओं को मुक्त कराया। यह देवी गौरी शिव की पत्नी हैं यही शिवा और शाम्भवी के नाम से भी पूजित होती हैं।

### माँ महागौरी पूजा विधि

नवरात्रे के दसों दिन कुवारी कन्या भोजन कराने का विधान है परंतु अष्टमी के दिन का विशेष महत्व है। इस दिन महिलाएं अपने सुहाग के लिए देवी मां को चुनरी भेंट करती हैं। देवी गौरी की पूजा का विधान भी पूर्ववत है अर्थात जिस प्रकार सप्तमी तिथि तक आपने मां की पूजा की है उसी प्रकार अष्टमी के दिन भी देवी की पंचोपचार सहित पूजा करें। महागौरी रूप में देवी करूणामयी, स्नेहमयी, शांत और मृदुल दिखती हैं।

### माँ महागौरी की कथा



देवी पार्वती रूप में इन्होंने भगवान शिव को पति-रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी, एक बार भगवान भोलेनाथ ने पार्वती जी को देखकर कुछ कह देते हैं। जिससे देवी के मन का आहत होता है और पार्वती जी तपस्या में लीन हो जाती हैं। इस प्रकार वर्षों तक कठोर तपस्या करने पर जब पार्वती नहीं आती तो पार्वती को खोजते हुए भगवान शिव उनके पास पहुँचते हैं वहां पहुंचे तो वहां पार्वती को देखकर आश्चर्य चकित रह जाते हैं। पार्वती जी का रंग अत्यंत ओजपूर्ण होता है, उनकी छटा चांदनी के सामन श्वेत और कुन्द के फूल के समान धवल दिखाई पड़ती है, उनके वस्त्र और आभूषण से प्रसन्न होकर देवी उमा को गौर वर्ण का वरदान देते हैं। एक कथा अनुसार भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए देवी ने कठोर तपस्या की थी जिससे इनका शरीर काला पड़ जाता है। देवी की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान इन्हें स्वीकार करते हैं और शिव जी इनके शरीर को गंगा-जल से धोते हैं तब देवी विद्युत के समान अत्यंत कांतिमान गौर वर्ण की हो जाती हैं तथा तभी से इनका नाम गौरी पड़ा। महागौरी जी से संबंधित एक अन्य कथा भी प्रचलित है इसके जिसके अनुसार, एक सिंह काफी भूखा था, वह भोजन की तलाश में वहां पहुंचा जहां देवी उमा तपस्या कर रही होती हैं। देवी को देखकर सिंह की भूख बढ़ गयी परंतु वह देवी के तपस्या से उठने का इंतजार करते हुए वहीं बैठ गया। इस इंतजार में वह काफी कमज़ोर हो गया। देवी जब तप से उठी तो सिंह की दशा देखकर उन्हें उस पर बहुत दया आती है, और माँ उसे अपना सवारी बना लेती हैं क्योंकि एक प्रकार से उसने भी तपस्या की थी। इसलिए देवी गौरी का वाहन बैल और सिंह दोनों ही हैं। देवी महागौरी का ध्यान, स्रोत पाठ और कवच का पाठ करने से 'सोमचक्र' जाग्रत होता है जिससे संकट से मुक्ति मिलती है और धन, सम्पत्ति और श्री की वृध्दि होती है। इनका वाहन वृषभ है।

### दुर्भाग्य नाशक उपाय

महागौरी के स्वरूप को दूध से भरी कटोरी में विराजित कर चांदी का सिक्का चढ़ाएं। फिर सिक्के को धोकर हमेशा अपनी जेब में रखें इससे धन संबंधित संमस्या में कमी आएगी।

पानी वाले नारियल को सिर से 11 बार घुमाकर बहते हुए जल में प्रवाहित करने से मनचाही इच्छाएं पूरी होंगी।

पीपल के ग्यारह पत्ते लें। उन पर राम नाम लिखें पत्तों की माला बनाकर हनुमानजी को पहना दें। इससे सभी प्रकार की परेशानियां दूर होती हैं।

किसी एक खाली या शांत कमरे में उत्तर की दिशा की ओर अपना मुंह करके पीले आसन पर बैठ जाएं। अपने सामने तेल के 9 दीपक जलाएं और ये साधनाकाल तक जलते रहने चाहिए। इन 9 दीपकों के सामने लाल चावल की एक ढेरी बनाकर उस पर एक श्रीयंत्र रख लें। इस श्रीयंत्र का कुंकुम, फूल, धूप, तथा दीप से पूजन करें। इस पूरी क्रिया के बाद एक प्लेट पर स्वस्तिक बनाकर उसका पूजन करें। अब इस श्रीयंत्र को अपने घर के पूजा स्थल में स्थापित कर दें तथा शेष सामग्री को नदी में प्रवाहित कर दें। इस प्रयोग से आपको जल्दी ही अचानक धन लाभ होगा।

दुर्गाष्टमी हवन के साथ मंत्र को पढ़ते हुए 108 बार अग्नि में घी से आहुतियां दें। इससे यह मंत्र सिद्ध हो जाएगा। इसके बाद रोजाना नित्य सुबह उठकर पूजा के समय इस मंत्र का 21 बार जप अवश्य करें। यदि संभव हो तो अपने परिवारजन से भी इस मंत्र का जप करने के लिए कहें। इससे जीवन भर परिवार में मधुर संबंध बने रहेंगे।

यदि आपका विवाह न हो रहा हो या आपके परिवार में किसी का विवाह विलम्ब से हो रहा हो या आपके वैवाहिक जीवन में तनाव है तो यह उपाय बहुत लाभदाय होगा। यह उपाय किसी भी शुक्ल पक्ष की अष्टमी को या नवरात्र की अष्टमी को रात्रि 10 बजे से 12 बजे के बीच में शरु करना चाहिए और नियमित 43 दिन तक करें। अपने सोने वाले कमरे में एक चौकी बिछा तांबे का पात्र रख उसमें जल भर दें। पात्र के अंदर आठ लौंग, आठ हल्दी, आठ साबुत सुपारी, आठ छुआरे, इन सारे सामान को डाल दें। आम के पांच पत्ते दबा कर जटा वाला नारियल पात्र के ऊपर रख दें। वहीं आसन बिछा कर घी का दीपक जलाएं, श्रद्धापूर्वक धूप-दीप अक्षत पुष्प और नैवेद्य अर्पित करने के उपरांत पांच माला माँ गौरी के मंत्र ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे। ॐ महागौरी देव्यै नमः की और एक माला शनि पत्नी नाम स्तुति की करें और रात्रि भूमि शयन करें। प्रातः काल मौन रहते हुए यह सारी सामग्री किसी जलाशय या बहते हुए पानी में प्रवाह कर दें। वैवाहिक समस्याओं का निवारण हो जाएगा। भक्तों द्वारा महागौरी की उपासना करने से सभी अभीष्ट की प्राप्ति होती है।



**संजीव ठाकुर,**
चौबे कॉलोनी
,रायपुर छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# वरिष्ठ नागरिकों की हो रही है उपेक्षा

वरिष्ठ नागरिक जो बात नहीं करते हैं। उनकी याददाश्त कम होने की संभावना अधिक होती है। बोलने से चेहरे की सक्रिय मांसपेशियों का व्यायाम हो सकता है। और साथ ही गले का व्यायाम हो सकता है ।और फेफड़ों की क्षमता भी बढ़ सकती है। साथ ही यह आंखों और कानों के खराब होने के जोखिम को कम करता है। और गुप्त जोखिमों को कम करता है जैसे कि चक्करआना,घुमनी और बहरापन। सेवानिवृत्त यानी वरिष्ठ नागरिक हार्ट अटैक,अल्जाइमर जैसे बीमारी को रोकने का एकमात्र तरीका है कि जितना हो सके बात करें और लोगों के साथ सक्रिय रूप से संवाद करें। इसका कोई दूसरा इलाज नहीं है!! यानी बोलना स्वस्थ रहने के लिए जरुरी है जिससे शरीर के अंगों को सक्रिय बनाने हेतु जरुरी है लेकिन मधुर बोलना चाहिए ना कि कटाक्ष या गुस्से में ना बोलें जिससे तनाव होता है और इसके लिए मैडिटेशन भी जरुरी है। ज्यादा बोलने से मन के अंदर का तनाव दूर होता है ।मानसिक बीमारी से बचा जाता है और तनाव कम होता है। हम अक्सर कुछ नहीं कहते लेकिन हम इसे अपने दिलों में दबा लेते हैं और घुटन और असहज महसूस करते हैं। यह सच है। इसलिए अच्छा होगा कि सीनियर्स को ज्यादा बात करने का मौका दिया जाए। जी हाँ बुजुर्ग नागरिक हमेशा मिल-जुलकर रहें। ये नया जमाना है जो वुजुर्गो की सेवा क़ो बेकार समझता हैं अतः आजकल के बच्चे माता-पिता की सेवा नहीं करते हैं उन्हें माता-पिता से उस स्थिति में भी बहुत कुछ चाहिए लेकिन बुजुर्ग आपको आशीर्वाद के सिवा क्या दें सकते हैं जो आपको बुरे वक़्त में हमेशा काम आएगा। सब ऊपर से आपको मिठा बोल देगा लेकिन समय पड़ने पर आपका माता-पिता हीं कुछ करेंगे। सब बुरा सोच सकता है आपके आगे बढ़ने पर लेकिब माँ बाप कभी बुरा नहीं सोच सकते है। ऐ मैं इसलिए लिखा रहा हूँ क्योंकि सम्मज में अपने औरत के बहकावे में आकर माता-पिता क़ो कुछ कर नहीं रहें हैं और यदि एक से अधिक पुत्र हों तो ये ख्याल रहता है पहले वो जाएगा तब हम जायेंगे ऐसा सोचना बिलकुल गलत है। आपको अपना दायित्व निभाना है कुछ दिन पहले मैं एक हॉस्पिटल में अपॉइंटमेंट लेने गया था। वहाँ उसके एक बेटे ने अपनी माँ का हाथ मोड़ कर तोड़ दिया जब माता जी से पूछा ऐ हाथ आपका किसने बेरहमी से ककड़ी के तरह तोड़ दिया है तो माताजी ने कहा धक्का लगा है छोटे शहर में मेडिकॉलीगल क्लेम के बारे में जानते नहीं हैं उसमें किसी के द्वारा हड्डी तोड़ने और भाड़ी जख्म में पुलिस केस हों जाता हैं पर उसके छोटे भाई ने बताया गुस्से में मेरे नालायक भाई ने तोड़ दिया है। देखिए माँ की ममता हाथ टूटने के बाद भी अपने पुत्र की शरारत हाथ तोड़ने क़ो नहीं बताया बहुत दुःख हुआ। आज बुजुर्गो में बच्चे जब छोड़ कर व्यवसाय करने कहीं और राज्यों या अन्य जगह पर जाते है तो अकेलापन उन्हें बोर करती है। बूढ़े जब ज्यादा बात करते लोग बकबास समझते हैं लेकिन डाक्टर इसे वरदान मानते हैं। डॉक्टर कहते हैं कि सेवानिवृत्त ;वरिष्ठ नागरिकों को अधिक बात करनी चाहिए क्योंकि वर्तमान में स्मृति हानि को रोकने का कोई उपाय नहीं है। अधिक बात करना ही एकमात्र तरीका है। वरिष्ठ नागरिकों को ज्यादा बात करने से कम से कम तीन फायदे हैं। बोलना मस्तिष्क को सक्रिय करता है और मस्तिष्क को सक्रिय रखता है। क्योंकि भाषा और विचार एक दूसरे के साथ संवाद करते हैं। खासकर जब जल्दी जल्दी बोलते हैं। जो स्वाभाविक रूप से तेजी से सोच प्रतिबिंब में परिणाम देता है और स्मृति को भी बढ़ाता है।



**संजय गोस्वामी**
अणुशक्तिनगर,मुंबई

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# कूड़ा-करकट डालने का स्थान बनते जा रहा समुद्र तल

उन्नीसवीं सदी की शुरुआत तक गहराई की अधिक विस्तृत वैज्ञानिक समझ ने आकार लेना शुरू नहीं किया था। जैसे-जैसे यूरोपीय और अमेरिकियों की वाणिज्यिक और क्षेत्रीय आकांक्षाएं दुनिया भर में विस्तारित हुई, महासागर के बारे में अधिक सटीक और अधिक विस्तृत ज्ञान की आवश्यकता भी बढ़ी, लेकिन जल्द ही विकास की अंधाधुंध दौड़ में समुद्र की इन गहराइयों का बेजा इस्तेमाल शुरू हो गया। समुद्र की गहराई का उपयोग बड़ी मात्रा में परमाणु सामग्री के लिए अंतिम विश्राम स्थल के रूप में भी किया गया।पहले और दूसरे विश्व युद्ध के बाद के वर्षों में ब्रिटिश, अमेरिकी, सोवियत, ऑस्ट्रेलियाई और कनाडाई सरकारों ने सैकड़ों-हजारों टन अप्रचलित रासायनिक हथियारों को दुनिया भर के पानी की गहराई में या तो ड्रमों में या टुकड़ों में भेज दिया। हालांकि सार्वजनिक आक्रोश के कारण इस प्रथा को 1972 में समाप्त कर दिया गया था। वर्ष 2019 के एक अध्ययन में आर्कटिक महासागर के तल पर कम से कम 18 हजार रेडियोधर्मी वस्तुएं बिखरी हुई पाई गई, उनमें से कई को सोवियत संघ द्वारा वहां फेंक दिया गया था। जब ये वस्तुएं अपनी जहरीली विरासत को पानी में छोडऩा शुरू कर देंगी, तब क्या होगा? कई पर्यावरणविदों ने इस स्थिति को समुद्र तल पर धीमी गति से चल रहा चेर्नोबिल' कहा है। हालांकि सोवियत संघ ने किसी भी अन्य देश की तुलना में समुद्र तल पर अधिक परमाणु कचरा फेंका था, लेकिन वह निश्चित रूप से अकेला नहीं था। 1948 और 1982 के बीच, ब्रिटिश सरकार ने लगभग 70 हजार टन परमाणु कचरा समुद्र की गहराई में भेज दिया। भले ही कम मात्रा में ही सही, अमेरिका, स्विट्जरलैंड, जापान और नीदरलैंड ऐसे कुछ देश हैं, जिन्होंने रेडियोधर्मी सामग्री के निपटान के लिए समुद्र का उपयोग किया है। 2019 में चीनी वैज्ञानिकों ने मारियाना ट्रेंच के तल पर रहने वाले उभयचरों के शरीर में 1940 और 50 के दशक में परमाणु बमों के विस्फोट से उपजे रेडियोधर्मी कार्बन-14 की खोज की।अब जबकि अंतरराष्ट्रीय संधियां समुद्र में रेडियोधर्मी सामग्री के डंपिंग पर रोक लगाती हैं, ब्रिटिश सरकार कुम्ब्रिया के समुद्र तल के नीचे 100 टन से अधिक प्लूटोनियम सहित 750,000 क्यूबिक मीटर परमाणु कचरे के निपटान की योजना तलाश रही है। 1946 से 1993 तक, तेरह देशों ने मुख्य रूप से चिकित्सा, अनुसंधान और परमाणु उद्योग से निकले लगभग 200,000 टन परमाणु/रेडियोधर्मी कचरे को निपटाने के लिए समुद्रों का किसी डंपिंग यार्ड की तरह उपयोग किया। भले ही समुद्र में डंपिंग के मामले में अब तक केवल निम्न स्तर के रेडियोधर्मी कचरे को ही डंप किया गया है, लेकिन समुद्र तल पर फैले सैकड़ों-हजारों टन परमाणु कचरे के धीमे क्षय की तरह, समुद्री जीवों के शरीर में लिखी गई मानव उद्योग की जहरीली विरासतें याद दिलाती हैं कि गहराई भूलने की जगह नहीं है कि जहां कुछ भी डाल दो और भूल जाओ।यह मान लेना आसान है कि हमारा ग्रह केवल स्थलीय वातावरण द्वारा परिभाषित है, वास्तव में विपरीत सच है। समुद्र में परमाणु कचरे की डंपिंग लापरवाही और लालच की एक बहुत बड़ी कहानी का सिर्फ एक हिस्सा है। प्लास्टिक और अन्य वस्तुओं के रूप में भी मानव अपशिष्ट गहरे समुद्र में हर जगह है। सबसे अधिक परेशान करने वाली बात समुद्र की गहराई में माइक्रोप्लास्टिक का बढ़ता संचय है। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर की एक रिपोर्ट के मुताबिक, हर साल लगभग 300 मिलियन टन प्लास्टिक का निर्माण होता है, इसमें से लगभग 14 मिलियन टन प्लास्टिक कचरे के रूप में हर साल समंदर में फेंक दिया जाता है।समुद्र में परमाणु कचरे की डंपिंग लापरवाही और लालच की एक बहुत बड़ी कहानी का सिर्फ एक हिस्सा है। प्लास्टिक और अन्य वस्तुओं के रूप में भी मानव अपशिष्ट गहरे समुद्र में हर जगह है। खेल बैग, पुतले, समुद्र तट की गेंदें और बच्चों की बोतलें कई हजारों मीटर की गहराई तक समुद्र तल पर फैली हुई हैं। कुछ क्षेत्रों में ऐसी वस्तुओं की संख्या 300 वर्ग किलोमीटर से भी अधिक है।

**-मनीष कुमार चौधरी-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# चटनी के चटकारा

मोर संग म रहिबे ता खाबे नून चटनी...तोर संग रहूँ ता खाहूँ नून चटनी...जइसे गीत ल गावत खानी हमर मुँह म पानी आ जथे, काबर कि हमर छत्तीसगढ़ के चटनी के स्वाद हर बड़ गजब के होथे। हमर चटनी बनाय बर कोनो महीना, मउसम अउ बेरा नइ लगै। जब मन लागिस तब बना ले अउ चटकारा मार के खा ले। मोला चटनी के गोठ गोठियात-गोठियात सुरता आवत हे, हमर छत्तीसगढ़ म कतको किसमङ्क किसम के चटनी बनाए जाथे, अउ चटनी बनाना तइहा जमाना के रीति-रिवाज घलो हरै। त आवव संगी जहुँरियामन, चटनी के चटकारा लेबो।

सीललोड़हा के पीसे चटनी असन स्वाद,आजकल के मिक्सी म नइ रहय, पहिली के मनखे मन पताल चटनी ल बड़ आनंद ले के खावय। पताल, हरियर धनिया, लसुन के करी, हरियर मिरचा अउ नून डार के सीललोड़हा म घसर के चटनी बनावँय, अभी घलो कतको घर म अइसनेच पीसे वाला चटनी बनथे।

ये पताल के चटनी ल खाए के मजा अलग ही रहिथे। अंगाकर रोटी, बासी, भात फरा अउ चीला संग खाय म मजा आ जाथे।÷

ये चटनी मन पहिली के जमाना ले छत्तीसगढ़िया मनखे के अंतस म राज करत हें। साग नइ रहै त नून अउ मिरचा ल सान के खा लेवँय

बंगाला चटनी, चिरपोटी पताल के चटनी, लसुन-मिरचा के चटनी, कच्चा आमा के चटनी, पदीना चटनी, करौंदा चटनी, अमारी भाजी फूल के चटनी ल भुरका चटनी कहे जाथे।

गर्मी दिन मा बरफ के गोला (चुसकी) ल देखतखानी लइका मन के मुँह म पानी आ जाथे, अइसने कच्चा आमा के चटनी ल सिरिफ सुरता करते साठ मनखे के लार चुचवा जाथे। आही काबर नहीं....आखिर आमा फल के राजा हरे!

कच्चा आमा ल छील के, ओमा नून, कच्चा मिरचा, लसुन , हरियर धनिया डार के सील-लोड़हा मा पीस दव। येखर सवाद अउ सुगंध मन ल मोह लेथे। ओखर बाद चटकारा बजा बजा के खाए म आनंद आ जाथे। पेट के सबो आगी बुता जाथे। दिमाग जूड़ अउ शांत हो जाथे। ये हरय कच्चा आमा चटनी के कमाल। सबो चटनी ल तो अइसने बनाए जाथे, फेर ये भुरका चटनी ल बनाए के नियम थोरिक अलग हे। ये ह अमारी भाजी के सुक्खा फूल ल पीस के, नून (सेंधा नमक), मिरचा अउ भूँजे अरसी सबो ल मिला के पीसे जाथे। येखर सवाद गजब के रहिथे। पेट रोग ल ठीक करथे।

एक बार जेन खाये,
सुरता भूले नइ भुलाये।
गरमी बढ़े देह के,
झटकुन दूर भगाये।।

चटनी सिरिफ स्वाद बर बस नइ खाए जाय, येहर देह म माढ़े बीमारी ल घलो दूर करथे। लेकिन...मिक्सी के आए ले हमर घर के सील लोड़हा नंदावत जात हे, कोंटा मा लुका के सुसकत हावै। मनखे अपन व्यस्त जिनगी म ज्यादातर सुविधा ल देख के आलसी घलो बनत हे।

जतका ज्यादा सुविधा, ओतका आलस मनखे म आवत हे। संगेसंग असली सवाद भुलावत जात हे।

पताल चटनी ले पाचन क्रिया बने होथे। करौंदा चटनी सुगर बीमारी ल दूर करथे। अइसने हर चटनी म अलग-अलग विटामिन मिलथे...।

पुरखा जमाना के चटनी खाय के रीति-रिवाज सरलग बाढ़त हे। ये बने बात हरे! हमर छत्तीसगढ़ म सगा-सोदर के मान-गउन करे बर जेवन संग म चटनी जरूर दे जाथे। चटनी के बिना जेवन दूच्छा लगथे, जइसे..... नेट बिना मोबाइल!

संगवारी हो ये चटनी के रीति-रिवाज ल बनाए रखौ अउ जिनगी म चटकारा लेवत रहौ।



**प्रिया देवांगन प्रियू**
राजिम
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



## राम आए अयोध्या नगरिया

हर्ष के दिन हैं आए सांवरिया
राम आए अयोध्या नगरिया
सज गई फिर से सगरी दुवरिया
राम आए अयोध्या नगरिया.।।-2
पुष्प कलियां पुनः खिल उठी हैं
पंक्षियां गीत गाने लगी हैं.।। 2
फिर से परजा सुखी है सांवरिया
राम आए अयोध्या नगरिया..।। 2
खुशियों के आंसू गिरने लगे हैं
फिर से सावन बरसने लगे हैं-2
छंट गई सारी दुःख की बदरिया
राम आए अयोध्या नगरिया..।।-2
सरयू मां भी मचलने लगी हैं
अब तो फिर से निखरने लगी हैं
पूरी मन की हुई है गुहरिया
राम आए अयोध्या नगरिया.।।-2
तक रहीं थी जो आंखे निरंतर
आगमन पथ पर पलकें बिछाए
राम को देख चमकी नजरिया
राम आए अयोध्या नगरिया.।।-2
राम आए अयोध्या नगरिया।।-2



**विजय कनौजिया**
अम्बेडकरनगर
(उत्तर प्रदेश)

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## जय माता की

हर वत्सर आता
दो,नवरात्र पर्व पावन!
एक शरद दूजा
चैत,लगता सबको
भावन!!
कहीं शिखर कहीं
पठार,माता का है वास!
आते करते विनय
सब,असीस पाते खास!!
क्रोध वासना लालच
का,फैला यह विकार!
करो नवरात्र साधना,दूर
होगा विकार!!
दुर्गा माँ की साधना,करता
जग संसार!
माता रानी आपकी,महिमा
बड़ी अपार!
माता तारती सबको,ये है
पालन हार!
होती दुष्टों से कुपित,तब
करती संहार!!
माता अम्बे बोल कर,कर
लो सब उपासना!
पूर्ण होगा सब कामना,
सभी करो अराधना!!
सोये भाग जगाती,करती
दुर्गम पार!
जननी जग का है
सार,लगाती नैया पार!!



**लक्ष्मी नारायण सेन**
खुटेरी फिंगेश्वर
गरियाबंद
(छत्तीसगढ़)

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## मैं कौन हूँ ...

मैं कौन हूँ ? क्यों आई हूँ ?
कहाँ से आई हूँ ?
क्या कर्तव्य है मेरे जिवन का?
ये प्रश्न मुझे सताती है,
मैं कौन हूँ ?
क्या मैं स्त्री हूँ? क्या मैं पुरुष हूँ ?
थोड़ी चंचल, थोड़ी सशक्त हूँ।
तो क्या मैं स्त्री हूँ ?
थोडा विनम्र, थोडा मजबूत हूँ,
तो क्या मैं पुरुष हूँ ?
इसका भेंद किसने किया ?
ये प्रश्न मुझे सताती है,मैं कौन हूँ?
क्या संसार वहीं है ?
जहाँ जन्म लिए और उलझे पड़े है
दुनियादारी म,ये मेरा है ये उनका है
यहीं करते-करते
आ जाते है मृत्यु के पास
क्या यहीं जिंदगी है ?
ये प्रश्न मुझे सताती है,मैं कौन हूँ?
क्यों अपनी खुशी
मुझे ज्यादा प्रिय लगती है
दूसरों की खुशी से
जल-भुन जाती हूँ
बहुत अपना-अपना किए रहती हूँ।
क्या मैं वहीं इंसान हू, जो बड़ी-
बड़ी इंसानियत की बातें करती हूँ
ये प्रश्न मुझे सताती है, मैं कौन हूँ?
क्यों नहीं मैं खुद को
समझ पाती हूँ ?
सबको जाननें कि इच्छा रखती हूँ।
कह दो दूसरों कि चुगली करने को
ना जाने कितनी बुराई बताती हूँ।
अपनी एक सच भी
पता लग जाती है
तो क्यों ऐसे झगड़ा पड़ती हू ?
ये प्रश्न मुझे सताती है, मैं कौन हूँ?



**अपराजिता कुमारी मझवारी**
बक्सर, बिहार

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## है यही मम कामना

नवरात्रि पावन महीना, देवी का मंदिर सजा है।
भक्त दर्शन को चले है, चाहे पग छाले पड़े है।
दृग दरस द्वारे खड़े है, चुनरी तव गोटे जड़े है।
हम तेरे करुणा को पाये, ऐसी मेरी प्रार्थना।
वरद हस्त सदा सर पे हो, है यही मम कामना।।
शैलपुत्री शैल भवानी,
ब्रह्मचारिणी तू है ब्रह्माणी।
चन्द्रघण्टा कुष्मांडा देवी,
सुर-ऋषि मुनि की है सेवी।
स्कंदमाता कात्यायनी, कालरात्रि हर्षदायिनी।
महागौरी देवी कल्याणी, करे पूर्ण जप साधना।
वरद हस्त सदा सर पे हो, है यही मम कामना।।
सिद्धिदात्री सिद्ध करती, सर्व कष्टों को है हरती,
देवी के नौ रूप सुहावन, लगते है बड़े मनभावन,
दुर्ग दुर्गति नाश करती, पल में है भंडार भरती,
जग का तू कल्याण करे माँ, ऐसी मेरी भावना,
वरद हस्त सदा सर पे हो, है यही मम कामना।।
चण्डी असुरों को संहारे, सुर जनों को शीघ्र तारे।
देवी मइया है अति भोली,
भरती है भक्तों की झोली।
लाल गुड़हल हार सुन्दर, जग करें तेरा ही आदर।
पापो को मिटाने वाली, हमको बस तुम थामना।
वरद हस्त सदा सर पे हो,है यही मम कामना।।
मइया धरती और गगन में,
सृष्टि के पावन सृजन में।
नीर अग्नि और पवन में, जाप पूजा और हवन में।
करुणामयी करुण कहानी, भाव की भूखी भवानी।
दया भक्ति वरदान पाये, पूर्ण हो शुचि याचना।
वरद हस्त सदा सर पे हो, है यही मम कामना।।
जग में तुम सा कहाँ है, तुमको पाये देखे जहाँ है।
करते सुमिरन नाम लेते, रात-दिन तुमको है सेते।
देवी दुर्गा अति दयालु, भजन गाते है श्रद्धालु।
तेरा ही हम नाम लेकर, देते जग शुभकामना,
वरद हस्त सदा सर पे हो, है यही मम कामना।।



**राजीव नन्दन मिश्र**
सरना,भोजपुर
(आरा)
बिहार -

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## बात

बात,बात का क्या...?
इसमें खास क्या......?
खट्टी -मीठी
कड़वी-कसैली ही तो होती है ।
इन स्वाद भरी बातों में
खास क्या. ......?
बात, बात का क्या....?
इसमें खास क्या.....?
पसंद -नापसंद
अच्छी -बुरी
इन जायेकदार बातों में
खास क्या. ....?
बात ,बात का क्या...?
बस अंतर्मन को छू जाये,
वही बात खास है ।
बाकी तो बातों से भरी बातें
सभी बेकार है ।
सब बेकार है ।



**गरिमा राकेश गौतम गर्विता**
कोटा,
राजस्थान।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

CMYK







# कांग्रेस प्रत्याशी शशि सिंह ने दाखिल किया नामांकन

– संवददाता –
अंबिकापुर, 15 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी शशि सिंह ने सोमवार को शक्ति प्रदर्शन कर नामांकन दाखिल किया। पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मोहन मरकाम, अमरजीत भगत,खेलसाय सिंह,पारसनाथ राजवाड़े के साथ अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता स्थानीय महामाया मंदिर से रैली के साथ नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए नामांकन दाखिल करने कलेक्ट्रेट पहुंचे। इससे पूर्व प्रत्याशी शशि सिंह ने नगर के गिरिजाघर,गुरुद्वारा, जैन मंदिर,महामाया मंदिर व तकिया मजार गईं। नामांकन दाखिले के बाद पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने इस लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ के विषय में कहा कि 11 सीटों में से 8 पर कांग्रेस की जीत सुनिश्चित है और 3 पर कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। सरगुजा सीट को हम निश्चित जीत रहे हैं। मोदी लहर और 400 सीट जीतने का दावा खोखला साबित होने वाला है। प्रत्याशी शशि सिंह ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव देश की दशा और दिशा बदलने वाला चुनाव है। कांग्रेस पार्टी के अनुभवी नेताओं के मार्गदर्शन में पूरे दमखम से हम चुनाव लड़ेंगे और निश्चित ही जीतेंगे। नामांकन दाखिल करने के दौरान शशि सिंह के साथ टीएस सिंहदेव, खेलसाय सिंह, आदित्येश्वर शरण सिंहदेव व प्रेमसाय सिंह उपस्थित थे।

## कांग्रेस की शशि ने पैर छूकर लिया भाजपा के महाराज का आशीर्वाद

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण को लेकर छत्तीसगढ़ की सात सीटों के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस बीच आज सरगुजा में कांग्रेस और भाजपा के प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल किया है। इसी कड़ी में एक दिलचस्प नजारा देखने को मिला है। जब भाजपा और कांग्रेस आमने – सामने हुए। जहां कांग्रेस प्रत्यासी शशि सिंह ने पैर छूकर चिंतामणि महाराज का आशीर्वाद लिया। जिसके बाद चिंतामणि महाराज कांग्रेस प्रत्याशी को उज्वल भविष्य का दिया आशीर्वाद है।

बता दें कि लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए कांग्रेस प्रत्याशी शशि सिंह ने नामांकन दाखिल कर दिया है। आपको बता दें कि 18 वीं लोकसभा चुनाव के लिए सरगुजा लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी शशि सिंह ने सबसे पहले मां महामाया मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना किया। इस दौरान पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव, पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम सहित कांग्रेस समर्थकों के साथ रैली निकालकर सरगुजा कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन दाखिल किया।







# जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा शहर

## निकली भव्य शोभायात्रा







– संवाददाता –
अंबिकापुर, 15 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

चैत्र नवरात के छठवें दिन श्रीराम सेना द्वारा रविवार को श्रद्धा व उल्लास के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा शहर के गांधी चौक स्थित दुर्गा मंदिर से निकल कर गांधी चौक होते हुए घड़ी चौक से देवीगंज रोड होते हुए समलाया मंदिर पहुंची। यहां पूजा अर्चना की गई। इसके बाद शोभायात्रा महामाया मंदिर पहुंची। यहां आरती की गई। इसके बाद प्रसाद वितरण के बाद शोभायात्रा समाप्त हुई। शोभायात्रा में काफी संख्या में लोग शामिल हुए। शोभायात्रा में कालीहांड़ी कटप्पा उड़ीसा, काली माई झांकी गुजरा, मोनू एंड टीम अंबिकापुर, महाबली हनुमान जी मेरठ की झांकी आकर्षक का केन्द्र रहा।

चैत्र नवरात्र पर भी लोगों में खास उल्लास देखा जा राहा है। देवी मंदिरों में प्रति दिन दर्शन के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। नवरात्र के पहले दिन से ही पूरा शहर भागवामय हो गया है। पूरे शहर में भागवा झंडा से पटा पड़ा है। वहीं चैत्र नवरात के छठवें दिन श्रीराम सेना द्वारा सोमवार को शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा गांधी चौक स्थित दुर्गा मंदिर से शाम को निकाली गई। शोभायात्रा गांधी चौक होते हुए घड़ी चौक पहुंची। यहां करीब आधे घंटे से अधिक समय तक लोग जश्न मनाते नजर आए। लोग जयश्री राम के जयकारें लगा रहे थे।

लोग सफेद लिवास व कंधे पर भागवा गमछा के साथ जमकर जयकारे लगाते हुए नाच रहे थे। इसके बाद शोभायात्रा धीरे-धीरे देवीगंज रोड होते हुए समलाया मंदिर पहुंची। यहां पूजा अर्चना की गई। महामाया मंदिर पहुंची और यहां आरती की गई। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। प्रसाद वितण होने के साथ ही शोभायात्रा समाप्त हुई। शोभायात्रा को शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए काफी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए थे।

### विभिन्न संगठनों ने जगह-जगह किया स्वागत

नवारात्र के छठे दिन जय श्रीराम सेना द्वारा दुर्गा मंदिर से झांकी शाम को करीब 5.30 बजे निकली। जो गांधी चौक, घड़ी चौक, सदर रोड, महामाया चौक होते हुए महामाया मंदिर पहुंची। इस दौरान रास्ते में विभिन्न संगठनों द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया। इस दौरान महिलाओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। विभिन्न संगठनों द्वारा शोभायात्रा में शामिल लोगों द्वारा ठंडा पानी व अन्य पेयपदार्थों की व्यवस्था की गई थी।

### रथ पर सवार थे राम, लक्ष्मण व सीता

शोभायात्रा में राम, लक्ष्मण और सीता की आकर्षक झांकी के साथ कलाहांडी कटप्पा ओड़िशा,काली माई झांकी गुजरात, मोनू एंड टीम अंबिकापुर, महाबली हनुमान जी मेरठ, भगवान शंकर-माता पार्वती की झांकी बनारस, राधा कृष्ण नृत्य झांकी रायपुर,महाकाल डमरू वादन उज्जैन व धुमाल एवं ढोल भाटापारा द्वारा आकर्षक झांकी निकाली गई थी। जो आकर्षक का केन्द्र रहा।

## भाजपा सरगुजा लोकसभा प्रत्याशी चिंतामणी महाराज ने दाखिल किया पहला नामांकन



– संवाददाता –
अंबिकापुर, 15 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

आज भाजपा सरगुजा लोकसभा प्रत्याशी चिंतामणी महाराज ने अपना पहला नामांकन पत्र दाखिल किया। भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह व जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता की उपस्थिति में भाजपा सरगुजा लोकसभा प्रत्याशी चिंतामणी महाराज ने आज शुभ मुहूर्त में कलेक्टर व लोकसभा निर्वाचन अधिकारी सन्दीपन भोस्कर को अपना नामांकन पत्र सौंपा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पूरे देश की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीसरी बार प्रधान सेवक बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। सरगुजा लोकसभा की सीट भी हम एतिहासिक मतों से जीतने जा रहे हैं।

इस अवसर पर जिला सह कोषाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, प्रस्तावक अरुण राजवाडे तथा प्रकाशमणि त्रिपाठी सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सर्पदंश से पीड़ित युवक की इलाज दौरान मौत

– संवाददाता –

अंबिकापुर, 15 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)। बलरामपुर जिला के राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम बैढ़ी निवासी सर्पदंश पीड़ित युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक बैढ़ी ग्राम का सकल मिंज पिता वीरू मिंज 45 वर्ष शनिवार की सुबह बकरी चराने के लिए गया था। दिन में 10.30 बजे बकरी चराकर वापस लौटा और स्वजन को बताया कि उसे जाड़ा सांप काट लिया है। स्वजन उसे राजपुर स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे।



यहां स्लाइन चढ़ाकर उसमें एंटी स्नेक वेनम डाला गया, लेकिन वह पीड़ित के शरीर में पास नहीं हो रहा था। चिकित्सक ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर ले जाने की सलाह दी। पीड़ित को अंबिकापुर लाने के लिए दो घंटे इंतजार के बाद भी एंबुलेंस की सुविधा उन्हें नहीं मिल पाई। अंततः गांव से प्राइवेट वाहन मंगवाकर वे मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे, यहां इलाज के दौरान सोमवार को वह दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया है।

# तीन बच्चों की मौत पर कलेक्टर-एसपी ने पीड़ित परिवार को बंधाया ढांढस

## मदद के लिए हाथ बढ़ाते हुए दिए कपड़े ,राशन, आवास की समस्या का होगा निराकरण

– संवाददाता –
अंबिकापुर, 15 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।



मैनपाट तहसील क्षेत्र अंतर्गत बरिमा गांव में एक ही परिवार के तीन बच्चों जल कर हुई मृत्यु की बेहद दुखद घटना पर कलेक्टर और एसपी ने परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। इसके साथ ही परिवार की मदद करने के लिए प्रशासन हाथ भी बढ़ाया है। कलेक्टर विलास भोसकर और एसपी विजय अग्रवाल सोमवार को बरिमा गांव पहुंचे और शोकाकुल परिवार से मुलाकात की। कलेक्टर श्री भोस्कर ने संवेदशीलता के साथ परिजनों से बात करते हुए कहा कि इस दुखद घटना में क्षतिपूर्ति कर पाना संभव नहीं है पर प्रशासन द्वारा हरसंभव मदद का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों से परिवार की मदद के लिए दिए गए निर्देशों के पालन की जानकारी भी ली। गौरतलब है कि घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर श्री भोस्कर ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मैनपाट और संबंधित टीम को मौके पर पहुंचकर जानकारी लेने और आवश्यक मदद करने के निर्देश दिए थे। जिसके परिपालन में परिवार को दो माह का राशन, दैनिक उपयोग के सामान और आरबीसी 6-4 के तहत 12 लाख रुपए तत्काल आपदा सहायता राशि चेक माता सुघनी मांझी प्रदाय किया गया है। इसके साथ ही वर्तमान आवास के नष्ट हो जाने पर परिवार की आवास की समस्या के निराकरण हेतु कलेक्टर द्वारा नियमानुरूप कार्यवाही करते हुए आवास की व्यवस्था किए जाने अधिकारियों को निर्देशित किया जिसके तहत काम शुरू कर दिया गया है।

# आबकारी एक्ट के चार मामलों में 25 लीटर महुआ शराब जब्त

– संवाददाता –
अंबिकापुर, 15 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस ने आबकारी एक्ट के चार मामलों में कार्रवाई कर 25 लीटर अवैध महुआ शराब जप्त किया है। जिले के थाना गांधीनगर, लुण्ड्रा, उदयपुर, सीतापुर पुलिस ने उक्त कार्रवाई की है। अवैध शराब की सर्वाधिक जप्ती लुण्ड्रा थाना पुलिस ने की है और एक प्रकरण में 10 लीटर महुआ शराब जप्त किया है।





जानकारी के मुताबिक लुण्ड्रा थाना पुलिस ने बाबू लाल 45 वर्ष निवासी बकनाकला, जूनापारा से 10 लीटर अवैध महुआ शराब जप्त किया वहीं घासी 52 वर्ष निवासी रिखी उदयपुर के कब्जे से 07 लीटर अवैध महुआ शराब जप्त किया,दोनों मामलों में 34 (2) आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई है। गांधीनगर थाना पुलिस ने राजकुमारी यादव 42 वर्ष निवासी ठाकुरपुर से 04 लीटर व सीतापुर थाना पुलिस ने राजकुमार चैहान 37 वर्ष निवासी सुरेशपुर स्कूलपारा से 04 लीटर अवैध महुआ शराब जप्त किया है। दोनों मामले में 34(1)(क) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। कार्रवाई में संबंधित थाना से उपनिरीक्षक सम्पत पोटाई, सहायक उप निरीक्षक दिलीप दुबे,एसआर साहू, महिला प्रधान आरक्षक वीणा रानी तिर्की, आरक्षक अनिल बड़ा, पंकज देवांगन शामिल रहे।

# इमरान खान की पत्नी ने कोर्ट से कहा...मुझे खाने में जहर दिया गया

## इस अस्पताल में इलाज कराने की मांग



**इस्लामाबाद, 15 अप्रैल 2024।** पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीवी ने सोमवार को इस्लामाबाद हाईकोर्ट का रुख किया । उन्होंने आरोप लगाया है कि उन्हें उनके निजी आवास में जहर दिया गया है। इसलिए उन्होंने हाईकोर्ट से अपील की है कि उन्हें अस्पताल में मेडिकल जांच की अनुमति दी जाए। बुशरा बीवी की तरफ से इस्लामाबाद हाईकोर्ट में शोएब शाहीन ने याचिका दायर की है। याचिका में अपील की गई है कि बुशरा बीवी का इलाज शौकत खानम अस्पताल में कराया जाए। बता दें कि शौकत खानम अस्पताल पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के चैरिटेबल ट्रस्ट का हिस्सा है।

याचिका में क्या आरोप लगाए गए? याचिका में आरोप लगाया गया है कि 49 साल की बुशरा बीवी को इमरान खान के घर में पुलिस के सख्त पहरे के बीच कैद में रखा गया है और वहां उन्हें खाने में जहर दिया गया। इससे पहले इस महीने की शुरुआत में भी भ्रष्टाचार के एक केस की सुनवाई के दौरान पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ पार्टी के सयोंजक इमरान खान ने न्यायाधीश को बताया था कि उनकी पत्नी को खाने में जहर दिया गया, जिस वजह से उनके शरीर में कई जगह निशान पड़ गए। इसके अलावा यह भी कहा गया जहर की वजह से उनकी जीभ में भी असर पड़ रहा है।

### बुशरा बीवी के डॉक्टर ने बताई यह बात

हालांकि, बुशरा बीवी के डॉक्टर का जांच के बाद कहना है कि उन्हें खाने में किसी तरह का जहर नहीं दिया गया। बता दें कि 71 वर्ष के गौहर अली खान को अगस्त 2023 में अडियाला जेल में डाला गया था। इसके अलावा इमरान खान के आवास में बुशरा बीवी को पुलिस के कड़े पहरे के बीच रखा गया था।

# ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में फिर चाकूबाजी की घटना,चर्च में पादरी और कई लोगों पर हुआ हमला




**सिडनी, 15 अप्रैल 2024।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में चाकूबाजी की एक और घटना सामने आई है। बताया गया है कि यहां के वेकली में स्थित द गुड शेफर्ड चर्च में एक पादरी और इकट्ठा हुए कुछ और लोगों पर हमला किया गया है। चाकूबाजी में कई लोगों के घायल होने की खबर है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना स्थानीय समयानुसार सोमवार रात को चर्च सर्विस के दौरान हुई। पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही इलाके की घेराबंदी कर ली और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि यह शख्स पुलिस की जांच में मदद कर रहा है।

इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि बिशप मार मारी इमैनुएल चर्च की स्टेज पर खड़े हैं। इस दौरान काले जंपर पहने एक शख्स उनकी तरफ भागता है और उन्हें खींचकर सांने पर चाकू मार देता है। इसके बाद पादरी जमीन पर ही गिर जाते हैं और हमलावर उन्हें चार से पांच बार और चाकू मारता है।

### शनिवार को भी हुई थी चाकूबाजी की घटना

ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में ही वेस्टफील्ड बॉन्डी जंक्शन मॉल में शनिवार को चाकूबाजी और गोलीबारी के कारण हड़कंप मच गया था। इस घटना में पांच महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए थे। इस घटना पर सिडनी पुलिस ने सोमवार को बड़े खुलासे किए हैं। पुलिस का कहना है कि हो सकता है कि हमलावर के निशाने पर सिर्फ महिलाएं थीं, क्योंकि घटना में मारे गए छह लोगों में से पांच महिलाएं हैं। साथ ही घायलों में भी 12 महिलाएं ही थीं।

# सिंगापुर के टेक्नीशियन को 4 साल बाद हुई जेल, 2020 में छोड़ी थी जहरीली गैस,एक भारतीय की हुई थी मौत

**नई दिल्ली,15 अप्रैल 2024।** सिंगापुर रिफाइनिंग कंपनी के सीनियर ऑपरेशन टेक्नीशियन को चार साल बाद उस मामले में जेल हुई, जिसमें एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई थी। एक प्लांट में जहरीली गैस होने के बावजूद तकनीशियन ने वहां मजदूरों को काम करने भेज दिया था।

15 अप्रैल को सिंगापुर रिफाइनिंग कंपनी में एक बड़ा हादसा हुआ था।



एक प्लांट में हवा में जहरीली गैस होने के कारण काफी मजदूरों की जान पर बन आई थी। जिसमें से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। एक प्लांट में जहरीली गैस होने के बावजूद उस दिन तकनीशियन ने मजदूरों को काम पर भेजा था। उस दिन पलानीवेल पांडीदुरई और पेरियासामी कोलांगिनाथन पीईसी नामक कंपनी में काम कर रहे थे। तभी हाईड्रोजन सल्फाइड गैस के संपर्क में आने पर बुरी तरह जख्मी हो गए। उनकी आवाज सुनकर पास में काम कर रहा नारायणन मुरासोली उन्हें बचाने के लिए भागा। लेकिन उनको बचाते बचाते वह स्वयं गिर पड़ा। उस समय लेक चिंगह्वा तकनीशियन था। तीनों का आनन-फानन में एनजी टेंग फोंग अस्पताल ले जाया गया। पेरियासामी और नारायणन इलाज के बाद ठीक हो गए, हालांकि दोनों का काफी लंबा इलाज चला। लेकिन पलानीवेल का शरीर रासायनिक गैस से 40 प्रतिशत जल चुका था। उसकी पीठ और पेट पर छाले पड़ गए थे, त्वचा छिल गई थी। काफी समय तक इलाज चला लेकिन उसके शरीर के अंगों ने काम करना बंद कर दिया।

# आपस में करें सुलह,आने वाली चुनौतियों से निपटें, आर्थिक संकट से जूझ रहा देश,बोले- बिलावल भुट्टो

**नई दिल्ली,15 अप्रैल 2024।** इन दिनो पाकिस्तान की स्थिति काफी गंभीर चल रही है। देश आर्थिक संकट से भी जूझ रहा है। इस पर पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो ने सभी नेताओं से एकजुट होने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सब अपने अपने अहंकार में हैं, इस कारण से देश में आर्थिक संकट है।



रविवार को जुल्फिकार अली भुट्टो की 45 वीं बरसी पर सिंध के लरकाना में एक सभा का आयोजन किया गया था। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भुट्टो को 1979 में सैन्य शासन ने फांसी दी थी। उन्होंने कहा कि अब सभी राजनेताओं के एक होने का समय आ चुका है। देश की स्थिति का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि सभी को देश की व्यवस्था, लोकतंत्र और संस्थानों में सुधार के लिए राजनीतिक संवाद करना चाहिए। भुट्टो ने कहा देश में राजनीतिक मदभेद खत्म करने और राजनीतिक स्थिरता के लिए लोकतंत्र और सुलह के जरिए ही संभव है, कि पीपीपी पार्टी इसके लिए तैयार है।

### धरना-धरना खेल नहीं एक मेज पर बैठकर बात की जाए

बिलावल भुट्टो ने कहा कि राजनीतिक दलों को धरना-धरना खेलने के बजाय एक मेज पर बैठकर बात करना चाहिए। जिसमें लोकतंत्र, संस्थानों के सुधार, देश की अर्थव्यवस्था के सुधार पर चर्चा होनी चाहिए।

### अपने अहंकार में देश को खतरे में न डालें

बिलावल ने कहा कि देश कुछ नेता अपने अहंकार में डूबे हुए हैं। वे अपने फायदे के लिए देश को खतरे में डालने के लिए तैयार हैं। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री वर्तमान सरकार पर चोरी का आरोप लगाते है। उन्होंने कहा कि इस तरह से देश की अर्थव्यवस्था मजबूत नहीं होगी। केवल लोकतंत्र कमजोर होगा।

### राष्ट्रपति ने भी की अंदरूनी कलह खत्म करने की मांग

राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने कहा कि राजनेताओं में चल रही अंदरूनी कलह से देश खतरे में है, आने वाली पीढियां खतरे में हैं, देश की प्रगति खतरे में है। उन्होंने कहा कि इस कलह से सिर्फ देश और जनता खतरे में पड़ता है। जरदारी ने कहा कि हमेशा गरीबी सहना पाकिस्तान और उसकी जनता की नियति नहीं है। देश आर्थिक संकट से जूझ रहा, जबकि देश प्रचुर मात्रा में संसाधनों से संपन्न है।

# कलेक्टर-एसपी ने कापू नाका चेकपोस्ट का किया निरीक्षण

- संवाददाता -

**अंबिकापुर, 15 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।** ोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिले में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था हेतु बॉर्डर चेक पोस्ट सहित सीमावर्ती क्षेत्रों में नाकाबंदी की व्यवस्था जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा की गई है। इसी क्रम में सोमवार शाम को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विलास भोसकर और पुलिस अधीक्षक श्री विजय अग्रवाल ने संयुक्त निरीक्षण कर मैनपाट में कपू नाका चेक पोस्ट सहित नाकाबंदी की व्यवस्था का निरीक्षण किया और मौके पर पहुंचकर वाहनों की आवाजाही के रिकॉर्ड संधारण की जांच की। उन्होंने व्यवस्था में तैनात स्टेटिक सर्विलांस टीम को सतर्क होकर जांच करने के निर्देश दिए।कलेक्टर एवं एसपी ने निरीक्षण के दौरान एसएसटी टीम के दल प्रभारी तथा पुलिस की टीम से चर्चा की। लगातार टीम के द्वारा जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी अच्छे से कार्य कर रहे हैं, अपनी पैनी ने र आने जाने वाले वाहनों पर बनाए रखें।पुलिस अधीक्षक श्री अग्रवाल ने टीम को निर्देशित करते हुए कहा कि सुरक्षा जांच में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं की जाए। साथ ही आम नागरिकों से शालीनता पूर्वक व्यवहार करते हुए जांच करें। चेकिंग की कार्यवाही आदर्श आचार संहिता के तारतम्य में एनडीपीएस, शराब, धन, कीमती सामान जो जिले के अंदर लाकर निर्वाचन को प्रभावित कर सकते हैं, उनकी निगरानी की जा रही है।

# आश्रमों में मनाया बंगला नववर्ष

- संवाददाता -

**अंबिकापुर, 15 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।** आद्या महिला बंग समिति की सदस्यों ने बंगला नववर्ष के मौके पर वृद्ध आश्रम,सन्मार्ग बालक आश्रम के बच्चों के साथ समय बिताया। इस दौरान गीत-भजन के बीच सभी को फल और मिष्ठान्न वितरण किया गया। पहले बैशाख का आयोजन में लिलि बसु राय, वन्दना दत्ता, डॉ. तृप्ति विश्वास, श्रुति मुखर्जी, संगीता मुखर्जी, हेना सेन, तनुश्री मिश्रा, चित्रा, अम्बिका दत्ता, मृदुछाया की उपस्थिति रही।

# ट्रंप की रैली में लगे बाइडन को खत्म करने के नारे, पूर्व राष्ट्रपति ने रोका भाषण,फिर कही ये बात






**वॉशिंगटन,15 अप्रैल 2024।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के चलते अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के खिलाफ भी अमेरिका में भी नाराजगी बढ़ रही है। इसकी बानगी तब देखने को मिली, जब पेन्सिलवेनिया में डोनाल्ड ट्रंप एक रैली को संबोधित कर रहे थे, उसी दौरान कुछ लोगों ने जो बाइडन को खत्म करने के नारे लगाने शुरू कर दिए। जिसके बाद कई अन्य लोगों ने भी ऐसे ही नारे लगाए।


### ट्रंप ने रोका अपना भाषण

दरअसल डोनाल्ड ट्रंप रैली को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने जो बाइडन को खत्म करो (जेनोसाइड जो) के नारे लगाने शुरू कर दिए। जिन्हें सुनकर डोनाल्ड ट्रंप ने अपना भाषण रोक दिया। इसके बाद कई और लोगों ने भी ऐसे ही नारे लगाने शुरू कर दिए। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ये गलत भी नहीं हैं। उन्होंने (जो बाइडन) सब कुछ गलत किया है। जेनोसाइड जो एक मुहावरा है, जिसे फलस्तीन समर्थक अक्सर जो बाइडन के खिलाफ इस्तेमाल करते हैं। इस्राइल हमास युद्ध में जो बाइडन ने इस्राइल का खुलकर समर्थन किया है। इस्राइल के हमले में गाजा में 33 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। यही वजह है कि फलस्तीन समर्थक जो बाइडन से नाराज हैं।

### डोनाल्ड ट्रंप भी करते हैं इस्राइल का समर्थन

इस्राइल हमास युद्ध में डोनाल्ड ट्रंप भी इस्राइल का समर्थन कर रहे हैं। बीते दिनों एक इंटरव्यू में ट्रंप ने इस्राइल हमास युद्ध पर कहा कि इस्राइल को जरूरत है कि वह जल्दी इस लड़ाई को खत्म करे और जो उन्होंने शुरु किया है, उसे पूरा करे ताकि हालात सामान्य हो सकें। इस्राइल के न्यूजपेपर के साथ बातचीत में भी ट्रंप ने अपने बयान का समर्थन किया और कहा कि लड़ाई जैसे-जैसे लंबी खिंच रही है, इस्राइल दुनियाभर में समर्थन खो रहा है। यही वजह है कि इस्राइल को जल्दी इस लड़ाई को खत्म करना चाहिए। इस्राइल पर ईरान के हमले पर ट्रंप ने कहा कि ऊपर वाला इस्राइल के लोगों की रक्षा करे। उन पर हमले हो रहे हैं क्योंकि हमारी कमजोरी रही। ट्रंप के इस बयान को बाइडन के खिलाफ हमला माना जा रहा है।





# किशोरी को एक घंटे में बरामद कर स्वजन को सौंपी पुलिस

- संवाददाता -

**अंबिकापुर,15 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

कोतवाली पुलिस ने नाबालिग के घर से बिना बताए कहीं चले जाने की सूचना को गंभीरता से लिया और एक घंटे के अंदर बालिका को सकुशल बरामद कर स्वजन के सुपुर्द कर दिया। सरगुजा पुलिस नाबालिग बालिकाओं के गुमशुदगी के मामलों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि ऐसे मामलों की सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस थानों में प्रदान करें, जिससे त्वरित कार्रवाई की जा सके।





# मतदाता जागरूकता संदेश पर कला केंद्र में बनाया वीडियो

» कला केंद्र के रिकॉर्डिंग रूम में ही रिकॉर्ड किया गया गाना

» वीडियो में मताधिकार के महत्व का किया गया है चित्रांकन

- संवाददाता -

**सूरजपुर,15 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

स्वीप कार्यक्रम के तहत बड़कापारा सूरजपुर स्थित कला केंद्र द्वारा मतदाता जागरूकता संदेश को लेकर एक वीडियो बनाया गया है। जिसमें कला केंद्र के बच्चो व सदस्य द्वारा लोकसभा चुनाव के इस महापर्व में सभी से सहभागीता की अपील की जा रही है। 1 मिनट 28 सेकण्ड के इस वीडियो में जिले के नागरिको को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिले के सभी पात्र मतदाता आगे आए और शत प्रतिशत मतदान में अपना योगदान दें। वीडियों के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूकता का संदेश जन जन तक पहुंचे इसके लिए गीत व संगीत के साथ बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई है। मतदाता जागरूकता का संदेश के इस वीडियो को जिले के सभी ऑफिसियल सोशल मीडिया प्लेटफार्म में भी डाला गया है ताकि सभी जागरूकता का संदेश देते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग करें और देश के मान व गौरव को बढ़ाये। मतदाता जागरूकता संदेश के वीडियो बनाने में कला केंद्र के संचालक श्री दीपक बर्मन तथा वोकल, डांस व जुम्बा क्लास के विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा। सॉन्ग रिकार्डिंग व वीडियो में अंतर पैकरा, दीपिका भगत ,निवेद शर्मा, मानवी शर्मा ,पूजा ठाकुर ऋतिक देवांगन, अनिकेत यादव ,एवं कला केंद्र के अन्य बच्चों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।




कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास ने कला केंद्र के बच्चों की इस प्रस्तुति की प्रशंसा की है। इसके साथ ही जिले नागरिकों से मतदाता जागरूकता को लेकर वृहद स्तर पर प्रचार प्रसार के लिए स्वप्रेरण से सहयोग करने की अपील की गई है।

# ऑटो से हुई टक्कर में बाइक सवार एक युवक की मौत

- संवाददाता -

**अंबिकापुर,15 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

रिश्तेदार के यहां जन्मदिन मनाने के लिए निकले मोटरसाइकिल सवार युवकों की ऑटो से टक्कर हो गई। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लाया गया, यहां एक युवक को चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।





जानकारी के मुताबिक दरिमा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बकालो निवासी गौरव कुमार केरकेट्टा पिता अनिल केरकेट्टा 22 वर्ष रविवार को अपने चचेरा भाई गोलू और पड़ोसी अनीस के साथ मोटरसाइकिल में जन्मदिन मनाने के लिए ग्राम खाला जाने के लिए निकले थे। बकालो भाटापारा में सामने से आ रही ऑटो से इनकी भिड़ंत हो गई। घायल अवस्था में इन्हें निजी वाहन से मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, यहां जांच के बाद चिकित्सक ने गौरव को मृत घोषित कर दिया। गोलू का उपचार चल रहा है, वहीं अनीस को दुर्घटना में मामलूी चोट आई है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया है।

# क्या फेक उल्लाह की सगाई वाली अंगूठी थी हीरे की ?

## फेक उल्लाह की शाही शादी हुई संपन्न... कौन-कौन संरक्षण देने वाले प्रशासनिक अधिकारी,कर्मचारी सहित नेता पहुचे शाही शादी में आगे होगा खुलासा ?

- » इस आलीशान शादी में खर्च हुई मोटी रकम...कुछ नामी सेलिब्रिटी का भी कार्यक्रम में आने की थी चर्चा
- » सरगुजा संभाग में लोगों का पैसा दुगना करने वाला फेक उल्लाह की आलीशान शादी देखने को लोग थे बेताब
- » लोगों का पैसा कैसे दुगना करता है कैसे लोगों से पैसे लेता है इस बात की चर्चा आम है पर कोई नहीं पता कर पा रहा कि आखिर इसके पीछे का राज क्या है ?
- » क्या पैसा दुगना करने वाला अवैध कारोबारी अपने बचने के लिए पुलिस,वकील, मंत्री व सीए की सलाह पर कर रहा अपने बचाव का प्रयास ?
- » पैसा दुगना करने के साथ महंगे मोबाइल व महंगी कार उपहार स्वरूप बांटने के राज का क्या हो पाएगा खुलासा ?
- » सिर्फ इस मामले में स्वतंत्र एजेंसियों से ही जांच की उम्मीद
- » क्या हुंडई कंपनी के डीलर से है समझौता की गिफ्ट में इस कंपनी की ही मिलेगी कार ?
- » कैसे होता है लोगों के पैसे का देन लेन की आय से ज्यादा संपत्ति का मामला का नहीं हो पा रहा खुलासा ?









**- ओंकार पाण्डेय -**
**अंबिकापुर/सुरजपुर 15 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

जिस घड़ी का इंतजार था वह घड़ी आ गई,आज सबसे चर्चित शादी देखने का लोगों का सपना हुआ पूरा,सरगुजा संभाग में एक शाही शादी भी लोगों को देखने को मिलेगा, यह शाही शादी कहे या फिर आलीशान शादी गलत नहीं होगा जैसा की आमंत्रण कार्ड को देखकर कहा जा सकता है, यह शादी है लोगों को रोजगार देने वाले फेक उल्लाह की, इस शादी को लेकर काफी दिनों से लोगों को इंतजार था जो इंतजार खत्म हो गया, आज 15 अप्रैल को यह शाही शादी लोगों को देखने को मिलेगी साथ ही इस शादी के कई लोग साक्षी भी बनेंगे, पूरा मामला शाही शादी का फोटो वायरल होने के बाद सामने आएगा की जैस तय था वैसे ही सभी कार्यक्रम हुए या भी खबरों के बाद परिवर्तन किया गया और संरक्षण देने वाले शाही शादी में पहुंचेगे या दुरी बनाई यह सब देर रात तक स्पष्ट हो होने की उम्मीद है? इस शादी की तारीफ इसलिए हो रही है क्योंकि इस शादी में महंगे सेलिब्रिटी भी आ सकते संरक्षण देने वालो के मनोरंजन के लिए हैं जो आमत्रित लोगो का मनोरंजन करेंगे ऐसा सूत्रों का कहना है, इस शादी का अनुमानित खर्च लगभग एक करोड़ माना जा रहा है। ऐसी शादी शायद ही लोगों को देखने मिली होगी जिसमें इतना पैसा खर्च होगा,यह शादी भी ऐसे चर्चित व्यक्ति की है जो लोगों को रोजगार दे रहा है जो कभी गाड़ी का सपना देख रहे थे जिनका सपना पूरा होना नामुमकिन था वैसे लोगों का सपना भी उन्होंने पूरा कर दिया है, कई लोग आज अपनी कमाई दुगनी करने के लिए उनके पास जाते हैं और अपनी कमाई दुगनी करके एक महंगी कार या फिर बाइक या फिर अपने कई सपने पूरे कर रहे हैं अब ऐसे में समझ में यह नहीं आ रहा है कि इन्हें मसीहा कहा जाए या फिर अवैध कारोबारी? भले ही जैसे भी पैसे कमा रहे हो पर कई लोगों का भला भी हो रहा है, ऐसा लोगों का मानना है भले से रास्ता गलत हो पर कई लोगों को अधिक आय अर्जित करने का मौका मिल रहा,भले ही पूरा मामला रहस्य से भरा पड़ा है कमाई का स्रोत कोई पता नहीं कर पा रहा अभी तक, इस कमाई को अवैध ही माना जा रहा है पर इस अवैध कमाई से कई लोगों का कार चढ़ने का सपना भी पूरा हुआ है।

ज्ञात हो की सरगुजा संभाग में एक आलीशान शादी समारोह का आयोजन होने वाला है जिसकी चर्चा कार्ड बांटने से लेकर शादी होने तक जारी रहेगी, शादी की चर्चा भी इसलिए हैं क्योंकि शादी में जो पैसे खर्च हो रहे हैं वह लोगों से लिए हुए पैसे माने जा सकते हैं,जिसकी शादी हो रही है वह अवैध तरीके से पैसा कमा कर लोगों को गुमराह करके पैसा दुगना देने को लेकर इस समय सुर्खियों में थे पर इनका कोई बाल बका भी नहीं कर सका...उसे अभी तक इस बात का विश्वास और संतोष है कि उसके खिलाफ अभी तक किसी ने शिकायत नहीं किया है पर यह शिकायत कब तक नहीं होगी या फिर वह शिकायत से कब तक बचा रहने वाला है, यह सब आगे आने वाले समय में पता चलेगा, वैसे सूत्रों का यह भी मानना है की तीन शिकायतें उसकी हो चुकी है, अंदर खाने में शिकायतों की जांच चल रही है आगे क्या कार्रवाई होगी यह भी समय की बात है पर वही इस मामले में जानकारों का कहना है की कार्यवाही आज नहीं तो कल होगी पर यदि पुलिस के अलावा स्वतंत्र एजेंसियां इस पर जांच करेंगे तो खुलासा ज्यादा बड़ा हो सकता है। स्वतंत्र जांच एजेंसियां ही ऐसी हैं जो बड़े स्तर पर जांच कर सकते हैं और सभी पहलुओं को सबके सामने रख सकते हैं अभी तक जैसा होता आ रहा है लोगों को ज्यादा उम्मीद केंद्रीय एजेंसी पर है या फिर एंटी करप्शन ब्यूरो पर।

### क्या इस्लामिक कंट्री से जुड़ा हुआ है उनका तार ?

सूत्रों का मानना है कि फेक उल्लाह का कारोबार किसी इस्लामिक कंट्री से जुड़ा हुआ है जिस वजह से उनका उसे कंट्री में आना जाना भी खूब होता है उनकी फ्लाइट मुंबई से वहां के लिए है जहां से वह साल में कई बार जाते हैं यदि इनके पासपोर्ट का डिटेल निकल जाएगा तो यह बात साफ हो जाएगी कि आखिर इतना यह इस्लामिक कंट्री क्यों जाते हैं? वह भी एक ही जगह ऐसा बताया जा रहा है, इनका आना जाना काफी है इस्लामिक कंट्री अब यह कितना सही है यह तो जांच का विषय है?

### खबर के बाद से अवैध तरीके से पैसे कमाने वाले से उगाही भी होनी शुरू

जबसे चिटफंड जैसे अवैध कारोबार को लेकर खबर का प्रकाशन जारी हुआ है तभी से वह उगाही से परेशान है यह भी बताया जा रहा है। अवैध चिटफंड कारोबारी को लगातार अब ऐसे लोगों को उगाही स्वरूप पैसा देना पड़ रहा है जो उसके व्यवसाय को प्रभावित कर सकते हैं। बताया जा रहा है की मीडिया मैनेजमेंट सहित अन्य मैनेजमेंट उसका अब आर्थिक रूप से महंगा हो गया है और अब कोई भी पहुंचकर उसके उगाही कर ले रहा है और अपना अवैध चिटफंड कारोबार संचालित करने वह यह उगाही बर्दास्त भी कर रहा है।

## अवैध तरीके से धन अर्जित करने वाले व लोगो के पैसे दुगना करने वाले फेक उल्लाह के आलीशान शादी समारोह की चर्चा रही आम

फिलहाल जो अवैध तरीके से धन अर्जित कर रहा है उसकी आलीशान शादी समारोह के चर्चे खूब है, क्योंकि शादी में होने वाले खर्च का अनुमान एक करोड़ लगाया जा रहा है दो-दो जगह दो-दो जिले में शादी के कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हैं,एक जगह अंबिकापुर तय है जहां पर कार्यक्रम के भोजन का मीनू ही इतने लंबा चौड़ा हैं कि वहां का खर्च इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है, वही दूसरा कार्यक्रम उसी के दूसरे दिन सूरजपुर जिले में रखा जाएगा जिसमें वह लोग आमंत्रित हैं जो शाकाहारी हैं,वही खास लोगों के लिए जो व्यवस्था है वह 15 तारीख को अंबिकापुर में की गई है जहां पर हर तरीके की व्यवस्था है अब जैसी व्यवस्था है उसे देखकर इस बात का अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह व्यवस्था लाखों खर्च होने के बाद ही उपलब्ध हो सकती है,एक पक्ष इतना मजबूत नहीं है कि इतनी बड़ी व्यवस्था कर सकता है लेकिन एक पक्ष दमदार है और व्यवस्था उसी की तरफ से ही किया जा रहा है ऐसा सूत्रों का मानना है पर सवाल यह भी है कि इतना आलीशान शादी में खर्च होने वाले पैसे किस तरह से कमाए गए हैं? शादी समारोह में लोगों के मेहनत और उनकी जीवन भर की गाढ़ी कमाई खर्च होने वही है और यह राशि वह खर्च करने वाला है जिसने राशि लोगों से दुगना कर देने के लिए ली हुई है। माना जा रहा है की शादी के बाद यह अन्य चिटफंड कंपनियों की तरह अपनी दुकान बंद कर फरार हो जायेगा और फिर लोगों का पैसा डूब जाएगा और फिर लोगों को समझ में आएगा की उन्हे जल्द अमीर बनाने का झांसा देने वाला खुद की शानो शौकत जमाना चाहता था? वैसे पूरे मामले में स्थानीय साथ ही जिले की पुलिस अन्य जांच एजेंसियां और सतर्कता विभाग भी बाद में सवालों के घेरे में होगें क्योंकि चंद पैसों के लालच में सभी ने अपनी आंख बंद कर रखी है और जिसके कारण लोगों को चिटफंड वाला लूट रहा है धीरे धीरे।

## आखिर अवैध तरीके से पैसे कमाने वाले की बढ़ती संपत्ति का राज कोई समझना क्यों नहीं चाह रहा ?

अवैध चिटफंड कंपनी की तर्ज पर संचालित व्यवसाय और उसके संचालक की बढ़ती संपत्ति का राज आखिर जिम्मेदार क्यों नहीं समझना चाहते यह बड़ा प्रश्न है। अवैध चिटफंड कंपनी संचालक के व्यवसाय में क्या विदेशी ताकतों का कोई हिस्सा है जो उसे जल्द अमीर बनने में संपत्ति अर्जित करने में मदद कर रहे हैं या फिर लोगों के जीवन भर की उनकी गाढ़ी कमाई उसे अधिक संपत्ति अर्जित करने में मदद कर रही है। वैसे वह कैसे इतनी जल्दी इतनी संपत्ति अर्जित करता जा रहा है वह कैसे करोड़ों की संपत्ति का मालिक बन चुका है कैसे वह लोगों को महंगी गाड़ी महंगे उपहार प्रदान कर रहा है इसको लेकर कोई भी जानकारी जुटाने तैयार नही है। एक दिन जब सभी को चुना लगाकर यह फरार हो जायेगा तब जाकर जिम्मेदार पकड़ने का अभिनय करेंगे यह बहुत जल्द समाने देखने को मिलेगा।

## लाखों की अंगूठी से हुई सगाई

सूत्रों के हवाले से वह चर्चा से जो जानकारी आ रही है की फेक उल्लाह की इंगेजमेंट अंगूठी काफी महंगी थी चर्चा है की अंगूठी हीरे की है और बेस कीमती है जिसकी लागत लाखों में है बताया जा रहा है कि फेक उल्लाह के द्वारा जो अंगूठी दी गई है वह हीरे की है और तकरीबन उसकी लागत 20 से 25 लाख बताई जा रही है यह अंगूठी भी काफी दूर के किसी ज्वेलरी शॉप से ली गई है।

## क्या फेक उल्लाह के आलीशान शादी के साक्षी बनेंगे...नेता व संरक्षण देने वाले पुलिसकर्मी ?

वैसे अब एकबात तय हो चुकी है की फेक उल्ला की आलीशान दावत का मजा पुलिस और संरक्षण देने वाले नेता जरूर उठाएगें। फेक उल्ला ने इसीलिए अपनी शादी को भव्य बनाने का प्रयास किया है लाखों करोड़ो का खर्च वह करने जा रहे हैं क्योंकि उन्हे अपने संरक्षण देने वाले आकाओं को खुश करना है जो दावत में पहुचेंगे। वैसे उनकी दावत में पहुंचने वाले दावत कबूल कर यह साबित करेंगे की वह अवैध कारोबार को संरक्षण प्रदान कर रहे हैं।

## अवैध पैसा कमाने वाला अभी तक पुलिस व राजनेता की संरक्षण की वजह से बचा हुआ,वरना कानून की जद में आने में नहीं लगेगा समय

अवैध पैसा कमाने वाला लोगों को उनका पैसा दुगना करने का लालच देने वाला राजनेताओं सहित पुलिस की संरक्षण की वजह से अभी तक कानून की जद में आने से बचा हुआ है। कांग्रेस शासनकाल में कांग्रेस नेताओं का करीबी साथ ही भाजपा शासनकाल में भाजपा नेताओं और मंत्री का करीबी बनकर यह लोगों को लगातार चुना लगाने का काम कर रहा है। इस अवैध चिटफंड कंपनी जैसे व्यवसाय के संचालक को राजनेताओं सहित पुलिस का संरक्षण इस तरह प्राप्त है की यह लगातार लोगों को खुलेआम लूट रहा है उनकी जीवन भर की कमाई को लालच देकर छीन रहा है वहीं अवैध कारोबारी के ऊपर इस मामले को लेकर कोई भी कार्यवाही करने की बजाए उससे आर्थिक लाभ लेकर उसे संरक्षण प्रदान करने का ही काम जिम्मेदार कर रहे हैं। अवैध चिटफंड कारोबारी का मनोबल संरक्षण की वजह से इस कदर बढ़ गया है की वह अब अपने अवैध कारोबार के मामले में किसी भी शिकायत या अवरोध को लेकर वह इतना सीनाजोरी करता है की वह अवैध कारोबार में अवरोध लगाने वाले की ही शिकायत करता है। अवैध कारोबारी जल्द ही सभी का पैसा लेकर रफूचक्कर होगा ऐसा कोरिया जिले में कई वर्षों पूर्व देखा जा चुका है और जैसे ही वह रफूचक्कर होगा लोगों को अपनी गाढ़ी कमाई जीवन भर की कमाई के डूबने का एहसाह होगा तब राजनेता और पुलिस जो फिलहाल संरक्षण प्रदान कर रहे हैं वह क्या जवाब देंगे लोगों को अपनी जिम्मेदारी को लेकर क्या समझाएंगे यह देखने वाली बात होगी।

## अवैध तरीके से पैसा कमाने वाला अपने आप को बचाने के लिए तमाम तरीके अपना रहा है ?

अवैध चिटफंड कारोबारी अब अपने कारोबार को लेकर चिंतित है वहीं वह अपने बचाव के लिए भी प्रयास कर रहा है। बताया जा रहा है की खबर प्रकाशन से उसके व्यवसाय पर काफी असर पड़ा है और लोगों ने पैसा लगाना बंद किया है कम किया है लालच,अब ऐसे में वह उनका पैसा समय पर नहीं लौटा पा रहा है जिनका पैसा दुगना करके लौटने का समय आ गया है। वह जान चुका है की उसका व्यवसाय अब ज्यादा दिन चलने वाला नहीं है इसलिए वह अब अपने बचाव का प्रयास अभी से करता नजर आ रहा है।

---

# स्थानीय ठेकेदार और साहू इंजीनियर की पार्टनरशिप शहर में बना चर्चा का विषय

## वार्ड क्रमांक 6 में बनाई जा रही है सड़क...पिछले तीन दिन पूर्व निर्माण कार्य हुआ प्रारंभ







**- रवि सिंह -**
**मनेद्रगढ़,15 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

मनेद्रगढ़ नगर पालिका में एक इंजीनियर और स्थानीय ठेकेदार के आपसी तालमेल और पार्टनरशिप की चर्चा शहर में बड़े जोर से चल रही है।.मिली जानकारी के अनुसार किसी भी कार्य को वह ठेकेदार चाहता है उसे प्राप्त करने में साहू नामक इंजीनियर कागजों में भी बड़ा हेर फेर करता है सब इंजीनियर लगभग 10 वर्षों से मनेद्रगढ़ नगर पालिका में पदस्थ है,और भ्रष्टाचार में अपनी जड़े मजबूत कर चुका है एक चर्चित इमानुल ठेकेदार से सेटिंग कर सारे निर्माण कार्यों में जमकर भ्रष्टाचार कर रहा है इसकी शिकायत लगातार हो रही है उसके बाद भी या मनेद्रगढ़ में जमा हुआ है कहता है ऊपर तक पैसे देता हूं और अपने मनमर्जी काम करता हूं...।

ज्ञात हो कि वार्ड क्रमांक 16 में यासीन के घर के पास एक सीसी रोड का निर्माण कार्य बड़े तेज गति से चल रहा है नियमों के तहत उसे सड़क को आचार संहिता के दौरान नहीं बनाया जाना था लेकिन कांग्रेसी नेताओं के दबाव में उसे निर्माण कार्य को साहू इंजीनियर ने अपने चहेते ठेकेदार से करवा दिया है। जिसको लेकर कई राजनीतिक पार्टियों में विरोध के स्वर उत्पन्न हो रहे हैं, ठेकेदार एक से डेढ़ इंच मोटी रोड बनाकर साहू इंजीनियर के माध्यम से 6 इंच मोटाई की सड़क का बिल निकालने मैं उसका पूरा सहयोग कर देता है इस तरह सारे नियमों को शिथिल कर नगर पालिका परिषद मैं खूब मनमानी चल रही है नगर पालिका में कांग्रेसी अध्यक्ष बैठी हुई है वह ठेकेदार उनका भी बड़ा खासम खास बताया जाता है यही कारण है कि यहां पदस्थ सीएमओ और इंजीनियर उसे ठेकेदार की मनमानी में उसका पूरा सहयोग करते हैं या ठेकेदार की जड़े यही तक नहीं सीमित है उसका दबदबा झगड़ा खंड लेदरी नगर पालिका में भी है जिस काम को चाहता है उसे काम को अपनी मर्जी के मुताबिक एस्टीमेट बनाकर पूरे काम को ले लेता है सेटिंग का सेटिंग का मास्टर कहा जाने वाला अमानुल ठेकेदार अपना दबदबा बना रखा है।

## नए नवेले ठेकेदार परेशान

नए नवेले ठेकेदार काफी परेशान कर दिए जाते हैं उनकी फाइल घुमा दी जाती हैं या उनसे बड़ा कमीशन का डिमांड किया जाता है,सवाल यहां पर यह भी है कि जितने भी बड़े टेंडर होते हैं वह टेंडर केवल इमामुल और उसके इर्द-गिर्द घूमने वाले लोगों को ही को ही क्यों दिए जाते हैं.? यदि नए लोग टेंडर डालते हैं तो उनकी कागजों में बड़ी कमी निकाल कर अंगद की तरह पैर जमाए बैठे यह इंजीनियर पेपर रिजेक्ट कर देता है और उन्हें डिसक्वालीफाई कर देता है जिसके कारण वह काफी परेशान हो जाते हैं और काम छोड़कर किसी और डिपार्टमेंट में चले जाते हैं यह सिल सिला मनेद्र नगर पालिका में काफी सब पिछले समय से चल रहा है इस तरह करके नए ठेकेदारों को मौका नहीं दिया जाता और अपने सेटिंग और वाले ठेकेदार को बुलाकर रात के अंधेरे में कई काले पीले कार्य अंजाम दिए जाते हैं यह सिलसिला प्रतिदिन उनके चिन्ह अंकित अड्डों में करते देखा जा सकता है नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी और ठेकेदार मौजूद रहते हैं साहू इंजीनियर की स्थिति संदिग्ध है।

---

# कार डिवाइडर से टकरा, पूरी रात घायल अवस्था में पड़ा रहा युवक,मौत



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,15 अप्रैल 2024 (घटती-घटना)।**

शहर के शंकरघाट पुलिया के पास रविवार की देर रात कार डिवाइडर से टकरा गई। कार सवार युवक घायल अवस्था में पूरी रात वाहन में ही पड़ा रहा। इधर परिजन युवक को घर नहीं पहुंचने पर पूरी रात परेशान रहे। सोमवार की सुबह स्थानीय लोगों ने देखा तो घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार मणिदीप जायसवाल पिता सतानंद जायसवाल उम्र 40 वर्ष राजपुर थाना क्षेत्र के बरियों का रहने वाला था। वह बरियों में जनरल स्टोर चलाता था। रविवार को व्यवसायिक कार्य से अंबिकापुर आया था। यहां से देर रात को कार क्रमांक सीजी 15 डी डब्ल्यू 2151 से वापस घर लौट रहा था। रास्ते में शंकरघाट स्थित पुलिया के पास कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। व्यवसायी पूरी रात घायल अवस्था में कार में ही पड़ा रहा। इधर उसे घर नहीं पहुंचने पर परिजन पूरी रात परेशान रहे। सोमवार की सुबह स्थानीय लोगों ने देखा तो घटना की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को कार से बाहर निकाल कर उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# अन्नदाता किसानों के बारे में कांग्रेस ने हमेशा बेहतर किया,इस बार भी करेंगे : ज्योत्सना महंत

- संवाददाता -
कोरबा,15 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

कोरबा लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी व सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत द्वारा अपने सघन जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस के न्याय पत्र 2024 को प्रमुखता से रखा जा रहा है। सांसद ने उपस्थित जनसमुदाय को बताया कि कांग्रेस हमेशा से ही अन्नदाता किसानों के बारे में सोचती आई है और उनके लिए जो भी बेहतर से बेहतर हुआ है, करने की कोशिश की है। हमने वादा किया है कि केन्द्र में सरकार आने पर किसानों का पूरा कर्जा माफ करने के साथ-साथ उन्हें कृषि उपयोगी बीज से लेकर उपकरणों,




ट्रैक्टर, ट्राली तक में लगने वाले सभी तरह के टैक्स से मुक्त किया जाएगा। सांसद ने कहा कि 5 साल से देशभर के किसान दिल्ली में आंदोलन पर 700 से 800 किसान बलिदान दे चुके हैं किंतु उनकी सुनवाई नहीं हो रही। कांग्रेस ने वादा किया है कि सरकार बनने के साथ ही एमएसपी लाया जाएगा। केन्द्र में जब-जब कांग्रेस की सरकार रही तब-तब किसानों का कर्जा माफ किया गया। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनी तो 2 घंटे के भीतर कर्जा माफ किया और बिजली बिल हाफ की योजना अमल में लाई गई। मजदूरों को ईलाज की सुविधा के साथ-साथ परिवार की सुरक्षा के लिए बीमा का भी लाभ हम देंगे। सांसद ने कहा कि बीजेपी की सरकार ने 10 साल में कुछ नहीं किया, इस बार सरकार बदल कर देखिए, आपको अच्छा लगेगा। जनसंपर्क के दौरान सांसद का ग्रामवासियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया जाता रहा। बड़ी संख्या में स्थानीय कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# सतरेंगा के डुबान क्षेत्र में मिली युवती की लाश,हत्या की आशंका

- संवाददाता -
कोरबा,15 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

कोरबा जिले के वनांचल क्षेत्र में लाश मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है । विगत दिनों पाली क्षेत्र में युवक का जला हुआ शव मिलने के मामले की गुत्थी सुलझी तो अब फिर सतरेंगा के डुबान क्षेत्र में एक युवती की लाश मिली है, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है । लाश मिलने की सूचना मिलने पर पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की तहकीकात में जुटी हुई है । यह घटना वनांचल क्षेत्र सतरेंगा के खैर भावना की है जब नहाने गए लोगों में उस समय हड़कंप मच गया, जब पानी में एक युवती की लाश तैरते दिखी । ग्रामीणों




ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी । लेमरू थाना थाना प्रभारी जितेंद्र यादव ने दलबल सहित मौके पर पहुंचकर मामले की तहकीकात शुरू कर दी है । जिस तरह से युवती की लाश मिली है उससे ऐसी संभावना जताई जा रही है कि उसकी हत्या हुई है, हालांकि वास्तविकता पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारण का खुलासा हो पाएगा ।

# ऑटो की स्टेप्नी चोरी करके भाग रहे युवक को पुलिस को सौंपा

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 15 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

कोतवाली पुलिस ने इलेक्ट्रिक ऑटो की स्टेप्नी चोरी करने की नाकाम कोशिश करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है।



केंद्रीय जेल के पास रहने वाले मनोज कुमार सिंह ने कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 14 अप्रैल को वह अपने इलेक्ट्रिक ऑटो को घर के बाहर खड़ी करके घर के अंदर गया था। कुछ देर बाद उसकी पत्नी सीसीटीवी कैमरा में देखकर बताई कि अज्ञात युवक घर के बाहर खड़े ऑटो में घुसा है। जब वह बाहर आया तो अज्ञात युवक इलेक्ट्रिक ऑटो का स्टेप्नी लेकर भागने लगा, जिसे अन्य लोगों की मदद से दौड़ाकर पकड़ा। इसकी सूचना डॉयल 112 को देने के बाद थाना पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराया। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में धारा 379, 511 भादवि का अपराध पुलिस ने दर्ज किया है। पुलिस ने स्टेप्नी निकाल कर भाग रहे आरोपी सुमित एक्का 33 वर्ष, निवासी मुक्तिपारा गांधीनगर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। कार्रवाई में थाना कोतवाली से प्रधान आरक्षक रजनीकान्त मिश्रा, आरक्षक चंचलेश सोनवानी, अमित राजवाड़े शामिल रहे।


# ऑटो चालक ने ऑटो में छूटे जेवरात से भरा बैग वापस कर ईमानदारी की पेश की मिसाल

**ऑटो चालक ने ईमानदारी की मिसाल पेश करते हुए जेवर से भरा हुआ बैग ऑटो संघ को कर दिया था सुपुर्द**

- संवाददाता -
कोरबा,15 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

अक्सर कई लोग हड़बड़ी में ऑटो में सफर करने के दौरान अपना बैग ऑटो में भूल जाते हैं। ऐसा ही मामला सामने आया, जहां एक महिला ने ऑटो से उतरने के दौरान सोने और चांदी के जेवरात से भरा हुआ बैग ऑटो में ही भूल गई । जब उसे पता चला कि उसका बैग छूट गया है तो उसके होश उड़ गए । लेकिन ऑटो चालक को जब छूटे हुए बाग की जानकारी हुई तो उसने ईमानदारी की मिसाल पेश करते हुए जेवरात से भरा हुआ बैग सवारी करने वाले व्यक्ति को सुरक्षित वापस सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार गायत्री बरेठ सोहागपुर की रहने वाली है जो पिछले दिनों ऑटो में सवार होकर अपने रिश्तेदार के घर बुधवारी आई हुई थी, इस दौरान वह अपना एक बैग ऑटो में ही भूल गई थी। जब





वह घर पहुंची तो उसे पता चला कि वह अपना बैग साथ लाई ही नहीं है तब उसके होश उड़ गए क्योंकि बैग में सोने चांदी के जेवरात भरे हुए थे। महिला पिछले दो दिनों से अपने बैग की तलाश कर रही थी । ऑटो चालक को वह बैग ऑटो में ही मिला एवं उसने ईमानदारी के मिसाल पेश करते हुए जेवर से भरा हुआ बैग ऑटो संघ के सुपुर्द कर दिया था। ऑटो संघ सचिव यशवंत कौशिक ने गायत्री से संपर्क किया और सोमवार की सुबह उसे अपने कार्यालय में बुलाकर सोने चांदी से भरा हुआ बैग सुरक्षित गायत्री को सौप दिया है। सोने चांदी से भरा हुआ बैग सुरक्षित वापस पाकर परिवार की खुशी झलक उठी। बता दें कि इससे पूर्व भी ऑटो चालकों ने कई बार ऐसी ही मिसाल पेश की है। ऑटो संघ के सचिव यशवंत कौशिक ने कहा कि इस तरह के कई मामले सामने आ चुके हैं जहां ऑटो चालकों द्वारा ही गुम सामानों को मालिकों के सुपुर्द करने में सफलता मिली है ।

# दुर्गा मंदिर परिसर में देवी जस गीत का आयोजन



- संवाददाता -
अंबिकापुर,15 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

वसुधा महिला मंच द्वारा विगत 20 वर्षों से चैत्र नवरात्रि की पंचमी को आयोजित किए जाने वाले देवी जस गीत कार्यक्रम में शहर की भजन मंडलियों ने भाग लिया। गांधी चैक स्थित दुर्गा मंदिर में हुए इस कार्यक्रम की अतिथि ब्रम्हकुमारी विद्या बहन थीं। भजन की शुरूआत वसुधा सदस्यों ने गणेश वंदना और देवी गीत से की। महामाया सेवा समिति दर्रीपारा, परशुराम मंदिर, महाकालेश्वर मंदिर, हरिकीर्तन एकल समिति, साईं मंदिर गांधीनगर, शिव मंदिर नमनाकला, शिवशक्ति मंच दुर्गा मंदिर, रामकुटी भजन मंडली, गौरी मंदिर भजन मंडली, शिव मंदिर गोधनपुर, मां सर्वेश्वरी समिति, शिव मंदिर पटपरिया द्वारा देवी जस गीत की एक से एक प्रस्तुति दी गई, जिसमें बहनों के कदम थिरक गए। पूरा दुर्गा मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया।

ब्रम्हकुमारी विद्या बहन ने महिलाओं को शक्ति स्वरूपा कहते हुए कहा कि मां दुर्गा का आर्शीवाद आप सबको मिल रहा है। उन्होंने आयोजन की सराहना की। उन्होंने शारदीय नवरात्रि में संपन्न हुए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण करते हुए रिया तिवारी, रेखा इंगोले,तनुश्री मिश्रा, मुक्ता गुप्ता,संगीता सोनी, नीलिमा मिश्रा, अर्चना सिंह, अनुभा डबराल, रेणु कुमार, मधुमती सिंह, सन्तोष पांडे, जया तिवारी सरिता भाटिया, नेहा वर्मा को सम्मानित किया। शहर में सबसे पहले ब्यूटी पार्लर प्रारंभ करके महिलाओं को विभिन्न प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोडने़ वाली सीता भोजवानी को भी सम्मानित किया गया। संरक्षिका डॉक्टर पुष्पा सोनी ने सैकड़ों की संख्या में उपस्थित बहनों को मतदान अवश्य करने के लिए शपथ दिलाया। कार्यक्रम का संचालन वन्दना दत्ता ने किया। इस अवसर पर वसुधा सदस्यो के साथ ही अन्य की काफी संख्या में उपस्थिति रही। देवी जस गीत आयोजन में जानकी सिंह, रीता अग्रवाल, सरिता सिंह, मिलन शर्मा, च्यती अग्रवल, उषा द्विवेदी, सुधा शर्मा, नीलू गुप्ता, आभा सिंह, लिलि बसु, नमिता चावला, लीला बंसल, रश्मि गुप्ता, वन्दना सिंह तोमर, ज्योति द्विवेदी, संजीता स्वर्णकार, मीरा साहू, सविता सिंह, अंजू अग्रवाल, सरस्वती आचार्य, सिवानी घोष, कुंजबाला जायसवाल, पूनम जायसवल, सोनी सिन्हा, अलका इंगोले, चेतना मुंजे, मीना वर्मा, अंजना परिहार, सुनीता लाल, आशा राणा, वन्दना श्रीवास्तव, आशा गुप्ता, स्मिता तिवारी सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

# प्रतिबंधित इंजेक्शन के साथ युवक गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,15 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

कोतवाली पुलिस टीम ने 40 नग अवैध प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन जप्त करके आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन व मोटरसाइकिल जप्त किया है।



पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सविलाल जायसवाल निवासी ठनगनपारा अपने घर के पास मोटरसाइकिल में प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन रखकर बिक्री के लिए ग्राहक के तलाश में लगा है। सूचना पर पुलिस टीम संदेही सविलाल जायसवाल 32 वर्ष, निवासी गजाधरपुर सूरजपुर, हालमुकाम ठनगनपारा अंबिकापुर को घेराबंदी करके पकड़ी। तलाशी लेने पर उसके पास 40 नग प्रतिबंधित इंजेक्शन मिला, इसकी कुल कीमत 16 हजार रुपये है। आरोपी को धारा 21(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर पुलिस धारा 41 (ए) सीआरपीसी के प्रावधानों के अनुसार अग्रिम वैधानिक कार्रवाई कर रही है। कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, सहायक उप निरीक्षक अभिषेक दुबे, महिला आरक्षक शांति, आरक्षक जितेश साहू, मनीष सिंह शामिल रहे।

# सबका साथ-सबका विकास का मूल मंत्र भाजपा के संकल्प पत्र में : राजेश अग्रवाल




- संवाददाता -
अंबिकापुर,15 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकसभा चुनाव हेतु जारी संकल्प पत्र को लेकर अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने भाजपा सरगुजा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह की उपस्थिति में आज संकल्प भवन भाजपा कार्यालय अंबिकापुर में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मोदी के गारंटी में भाजपा ने Gyan यानी गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी शक्ति पर फोकस किया है। भाजपा की थीम है बीजेपी का संकल्प, मोदी की गारंटी। जिसमें देश के सभी वर्गों के विकास की बातें समाहित है। प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को और इसमें अधिक से अधिक लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने गरीबों को 4 करोड़ पक्के घर बनाकर दिए हैं। अब 3 करोड़ और गरीब परिवारों को पीएम आवास दिया जाएगा। इसके साथ ही 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी की योजना चलेगी। संकल्प पत्र में विकसित भारत के 4 मजबूत स्तंभ - युवाशक्ति, नारीशक्ति, गरीब और किसान, इन सभी को सशक्त करता है। पिछले 10 वर्ष, नारी गरिमा, नारी को नए अवसरों को समर्पित रहे हैं। आने वाले 5 वर्ष नारीशक्ति की नई भागीदारी के होंगे।

विधायक राजेश अग्रवाल ने कहा कि संकल्प पत्र में मोदी की गारंटी है कि मुफ्त राशन की योजना आने वाले 5 साल तक जारी रहेगी। हम ये सुनिश्चित करेंगे कि गरीब के भोजन की थाली पोषणयुक्त हो ताकि एक स्वस्थ्य भारत और गरीब मुक्त भारत का संकल्प पूरा हो सके। केंद्र की मोदी सरकार ने अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं के जरिए 10 सालों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला, जो कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों की तुलना में ऐतिहासिक बदलाव हुआ है। 70 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। 70 साल से ऊपर का हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। उन्होंने ने कहा-अब मुद्रा लोन योजना के तहत मिलने वाले लोन को 10 लाख से 20 लाख रुपए कर दिया गया है। इसके अलावा निवेश को बढ़ाव देने और उद्योगों की स्थापना के जरिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। श्री अग्रवाल ने कहा कि आज भारत में गांवों में सडक़ों की अधोसंरचना में क्रांतिकारी कार्य हुए हैं। 60,000 नए गांवों को पक्की सडक़ों से जोड़ा गया है और बारहमासी सडक़ें बनाई गई हैं। हमने कभी कल्पना नहीं की थी कि गांव सशक्त होंगे या ऑप्टिकल फाइबर गांव तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि रक्षा, उद्योग, स्वास्थ्य, संचार, विरासत को सहेजने के लिए अद्वतीय योजना लागू की जाएंगी। जिससे देश में रोजगार के साथ ही साथ भारत की विकास दर तेजी से अग्रसर होगी। इस अवसर पर सरगुजा लोकसभा सभा चुनाव संयोजक कमलभान सिंह , सह संयोजक अखिलेश सोनी,पूर्व विधायक विजयनाथ सिंह,ज़िला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता,ज़िला उपाध्यक्ष अम्बिकेश केशरी,वरिष्ठ नेता मुरारी लाल बंसल, ज़िला संवाद प्रमुख संतोष दास, ज़िला सह संवाद प्रमुख रुपेश दुबे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे ।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202402020700315**

**विषयः- अ-6 मामले की श्रेणी-राजस्व**
**सनः- 2023-2024**

**सुन्दरपुर प .ह.न. 00026 (हे0)**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार-रामसागर राम कुशवाहा , आशीष कुमार गुप्ता , आयुष कुमार सिंह, अनावेदक पक्षकार- कंचन सिंह, प्रतिमा शर्मा**

**ईश्तहार**

आवेदक आयुष कुमार सिंह आ0 धनंजय कुमार सिंह व अन्य, निवासी कन्या परिसर रोड, गंगापुरअंबिकापुर तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम सुन्दरपुर स्थित खसरा नंबर 25 रकबा 0.380हे0भूमि को पंजीबद्ध विक्रयपत्र के आधार पर नांमातरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। जो ई-नामांतरण पोर्टल से ई-कोर्ट में प्राप्त हुआ हैं।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 13 .05.2024 के पूर्व न्यायलय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपति प्रस्तुत कर सकते हैं ।समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोईविचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04 /04 /2024 को जारी किया जाता हैं।

सील

तहसीलदार
अम्बिकापुर,सरगुजा

# अदाणी फाउंडेशन ने ग्राम घाटबर्रा में आयोजित किया मल्टीस्पेशियलिटी हेल्थ कैंप

**» ग्राम के सरपंच जयनंदन पोर्ते सहित 100 से अधिक ग्रामीणों ने लिया मुफ्त चेक-अप और दवाईयों का लाभ**

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 15 अप्रैल 2024
(घटती-घटना)।

जिले के उदयपुर ब्लॉक में अदाणी फाउंडेशन द्वारा एक दिवसीय मल्टीस्पेशियलिटी हेल्थ कैंप का आयोजन ग्राम घाटबर्रा में शनिवार को किया गया। राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के सामाजिक सरोकारों के अंतर्गत अंबिकापुर के प्रसिद्ध साधु राम प्रहलाद राय अस्पताल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस व्यापक और बहुस्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में पड़ोसी गांवों फतेहपुर और तारा के निवासियों सहित कुल 110 ग्रामीणों को चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। इस दौरान शिविर में उपस्थित बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकित पवार, जनरल फिजिशियन एमडी डॉ. इम्तियाज अली, आर्थोपेडिक शल्य चिकित्सक डॉ. बी राकेश, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. बीवी शरण्या, अदाणी इन्टरप्राइसेस (एईएल) के चिकित्सक डॉ. दीपक कुमार पंगले और डॉ. चंद्र नाथ डे सहित विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने शिविर में अपनी सेवाएं प्रदान की। शिविर में पधारे ग्रामीणों की निःशुल्क जाँच और परामर्श के पश्चात आवश्यक दवाईयां भी




वितरित की गई। इस स्वास्थ्य शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता तथा स्वास्थ्य संबंधी जरूरी जाँच कर गंभीर बीमारियों का समय रहते उपचार कराना था।

इस दौरान ग्राम घाटबर्रा के सरपंच श्री जयनंदन सिंह पोर्ते, ग्राम प्रतिनिधि काशी प्रसाद यादव, श्री बानस आर्मो, पूर्व प्रधान पाठक श्री राम बिलास यादव सहित अन्य ग्रामीणों ने शिविर में उपस्थित होकर स्वास्थ्य संबधित परामर्श और मुफ्त दवाईयाँ प्राप्त की। इस मौके पर अदाणी फाउंडेशन के सौरभ सिंह और एईएल के श्री अमित रॉय ने शिविर के प्रबंधन की देखरेख करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अदाणी फाउंडेशन सरगुजा जिले के उदयपुर ब्लॉक में सामाजिक सहभागिता के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना विकास तथा आजीविका उन्नयन के कई कार्यक्रम संचालित कर रहा है। जिनमें 900 से अधिक आदिवासी बच्चों को केन्द्रीय शिक्षा मण्डल की अंग्रेजी माध्यम में गुणवत्ता युक्त निःशुल्क शिक्षा सहित पौष्टिक भोजन, गणवेश, किताब, कापी स्कूल बैग इत्यादि भी प्रदान कर रहा है। साथ ही स्थानीय युवाओं और महिलाओं को आत्मनर्भर बनाने कौशल विकास केंद्र में कई जीविकोपार्जन पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जिनमें गतवर्ष चलाए गए सहायक इलेक्ट्रीशियन ट्रैड के 35 पुरुष और सिलाई मशीन ऑपरेटर प्रशिक्षण की 60 महिला सहित कुल 95 प्रशिक्षुओं के प्रशिक्षण में सफल होने पर प्रमाणपत्र तथा किट प्रदान किया गया। अदाणी फाउंडेशन समुदायों और व्यक्तियों को आत्मनिर्भर बनने और राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए सशक्त बनाता है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर माइकल स्टेलर विवादों में घिरे

**सिडनी,15 अप्रैल 2024।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर माइकल स्टेलर को एक दर्जन से ज्यादा अपराधों के आरोप के बाद पुलिस ने हिरासत में लिया है। 54 वर्षीय स्लेटर,सोमवार को मारूचिडोर मजिस्ट्रेट कोर्ट में सुनवाई हुई। वह 5 दिसंबर 2023 से 12 अप्रैल 2024 के बीच क्वींसलैंड के सनशाइन कोस्ट पर किए गए कथित अपराधों से संबंध 19 केस दर्ज किए गए हैं। दरअसल, 'गार्जियन' के अनुसार 54 वर्षीय स्लेटर पर एक दर्जन से अधिक अपराधों का आरोप लगाया गया है जिसमें गैरकानूनी तरीके से पीछा करना या डराना, मारपीट, रात में किसी इरादे से घर में घुसना, शारीरिक नुकसान पहुंचाने वाला हमला और दम घोटना शामिल है। स्थानीय पुलिस ने 'कई दिनों तक' कथित घरेलू हिंसा की घटनाओं के बाद पिछले शुक्रवार को सनशाइन तट पर नूसा हेड्स से एक 54 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार करने की पुष्टि की। स्लेटर पर जमानत का उल्लंघन करने और 'घरेलू हिंसा आदेश' का उल्लंघन करने के 10 आरोप भी लगाए गए हैं।

# केकेआर की भिड़ंत आज राजस्थान रॉयल्स से

- ये ग्यारह प्लेयर्स रातों-रात बदल सकते हैं आपकी किस्मत
- संजू सैमसन को नहीं इन्हें बनाए कप्तान
- आईपीएल 2024 के 31वें मैच में केकेआर की राजस्थान से भिड़ंत
- कोलकाता के ईडन गार्डन में खेला जाएगा केकेआर बनाम राजस्थान का मैच
- केकेआर और राजस्थान दोनों टीमों ने जीते अपने आखिरी मैच

**नई दिल्ली,15 अप्रैल 2024।** आईपीएल 2024 का 31वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स की भिड़ंत राजस्थान रॉयल्स से होनी है। यह मुकाबला कोलकाता के ईडन गार्डन्स में 16 अप्रैल को खेला जाएगा। मौजूदा सीजन में राजस्थान रॉयल्स का प्रदर्शन बेहद ही शानदार रहा है।



अभी तक संजू सैमसन की कप्तानी वाली राजस्थान की टीम ने 6 मैचों में से पांच मैचों में जीत का स्वाद चखा है, जबकि एक मैच में हार का सामना किया है। राजस्थान की टीम 10 अंक के साथ आईपीएल 2024 की प्वाइंट्स टेबल पर पहले स्थान पर मौजूद हैं, जबकि केकेआर की टीम भी शानदार फॉर्म में हैं।

अभी तक संजू सैमसन की कप्तानी वाली राजस्थान की टीम ने 6 मैचों में से पांच मैचों में जीत का स्वाद चखा है, जबकि एक मैच में हार का सामना किया है। राजस्थान की टीम 10 अंक के साथ आईपीएल 2024 की प्वाइंट्स टेबल पर पहले स्थान पर मौजूद हैं, जबकि केकेआर की टीम भी शानदार फॉर्म में हैं।

केकेआर की टीम ने पांच मैचों में से 4 मैचों में जीत हासिल की है, जबकि एक मैच में हार का सामना किया है। ऐसे में अब दोनों ही टीमों की भिड़ंत ईडन गार्डन्स में होनी है।

### केकेआर बनाम राजस्थान रॉयल्स के मैच की संभावित ड्रीम-11 टीम।

विकेटकीपर-जोस बटलर,संजू सैमसन, फिल साल्ट

बैटर्स-श्रेयस अय्यर, यशस्वी जायसवाल, अंगकृष रघुवंशी

ऑलराउंडर्स-सुनील नरेन, आंद्र रसेल, रियान परग

बॉलर्स- ट्रेंट बोल्ट, वरुण चक्रवर्ती

कप्तान- सुनील नरेन, उपकप्तान- संजू सैमसन

### कैसा खेलेगी ईडन गार्डन्स की पिच?

ईडन गार्डन की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल मानी जाती है। इस पिच पर बैटर्स को बड़े-बड़े शॉट्स जड़ते हुए देखा जाता है। वहीं, ऑउटफील्ड तेज होने की वजह से बॉलर्स को भी मदद मिल सकती है। कोलकाता के इसमैदान पर आईपीएल के कुल 88 मैच खेले गए है, जिसमें से मेजबान टीम ने 49 मैच जीते, जबकि मेहमान टीम ने 37 मैच में जीत हासिल की।

### केकेआर बनाम राजस्थान के बीच हेड-टू-हेड रिकॉर्ड

अगर बात करें कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम राजस्थान रॉयल्स के बीच हेड-टू-हेड रिकॉर्ड की तो दोनों टीमों के बीच आईपीएल में कुल 28 बार भिड़ंत हो चुकी है, जिसमें केकेआर ने 14 बार जीत हासिल की, जबकि 13 बार राजस्थान को जीत मिली। एक मैच बेनतीजा रहा।

# कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के एमएस धोनी के नए विवरण को सीएसके की मंजूरी मिली

**नई दिल्ली,15 अप्रैल 2024।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या वानखेड़े स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स से अपनी टीम की 20 रन की हार के बाद महेंद्र सिंह धोनी की सामरिक कौशल की सराहना नहीं छिपा सके। जबकि धोनी की तीन छक्कों की बौछार और चौथी और आखिरी गेंद पर जल्दबाजी में दो रन बनाने से सीएसके को जीत मिली, यह पूर्व भारतीय कप्तान की स्टंप के पीछे से खेल को समझने की क्षमता थी, जिससे पंड्या को लगा कि इससे अंतर पैदा हुआ। पंड्या ने कहा, वे (सीएसके) अपनी योजनाओं के साथ चतुर थे और लंबी सीमा का अच्छी तरह से उपयोग करते थे। उन्हें इसकी समझ थी और उनके पास स्टंप के पीछे एक आदमी था जो उन्हें बताता था कि क्या काम कर रहा है। उनका दूसरा आईपीएल शतक और शुरू से अंत तक बल्लेबाजी। सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने धोनी की बड़ी सराहना करते हुए कहा कि केवल चार गेंद शेष रहते उनकी पावर-हिटिंग ने जीत और हार के बीच अंतर पैदा किया।42 वर्षीय धोनी ने चार गेंदों पर 20 रन बनाए, जिससे अंत में मैच के नतीजे पर फर्क पड़ा। हमारे युवा विकेटकीपर





(एमएसडी) ने निचले क्रम में तीन छक्के लगाने से बहुत मदद की और मुझे लगता है कि यही अंतर था। शुरुआत करने के लिए, इस तरह के मैदान पर, आपको 10-15 अतिरिक्त रनों की आवश्यकता होती है। हम 215-220 की उम्मीद कर रहे थे। लेकिन बुमराह ने अच्छी गेंदबाजी की, गायकवाड़ ने कहा, जिन्होंने इस सीजन में धोनी से कप्तानी की जिम्मेदारी ली थी। गेंदबाजी के मामले में, हम अपने प्रदर्शन में सही थे। यहां तक कि पावरप्ले में भी, मैं 60 रन देकर छह ओवर लेता। इस प्रकार के स्थानों पर बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों कौशल की आवश्यकता होती है। हमारे (लसिथ) मलिंगा (मथीशा पथिराना) ने असाधारण गेंदबाजी की अच्छा है और उन यॉर्कर को पकड़ लिया, उन्होंने कहा। यह पूछे जाने पर कि उन्होंने पारी की शुरुआत क्यों नहीं की और इसके बजाय रचिन रवींद्र के साथ अजिंक्य रहाणे को भेजा, गायकवाड़ ने कहा, कुछ नहीं, जिंक्स (रहाणे) को थोड़ी परेशानी थी। मैंने सोचा कि उनके लिए ओपनिंग करना और तेजी से रन बनाना बेहतर होगा। मैंने मैं कहीं भी बल्लेबाजी कर सकता हूं। प्लेयर ऑफ द मैच, पथिराना, जिन्होंने 4/28 के अपने सर्वश्रेष्ठ आईपीएल आंकड़े हासिल किए, ने कहा कि वह थोड़ा घबराए हुए थे क्योंकि वह चोट से उबरने के बाद टीम में वापस आ रहे थे

जब हमने पावरप्ले में गेंदबाजी की, तो मैं घबरा गया था। मैं नतीजों के बारे में नहीं सोचता और मैं सिर्फ क्रियान्वयन के बारे में सोचता हूं। सबसे पहले, मुझे दो सप्ताह पहले थोड़ी परेशानी हो रही थी और सभी सहयोगी स्टाफ और खिलाड़ियों ने मेरी मदद की। महान मलिंगा की तर्ज पर अपना एक्शन तैयार करने वाले श्रीलंकाई खिलाड़ी ने कहा, यह मेरी फॉर्म के लिए मुख्य बात है।

# ट्रैविस हेड एमएलसी 2024 में वाशिंगटन फ्रीडम में स्मिथ के साथ खेलने के लिए तैयार

**नई दिल्ली,15 अप्रैल 2024।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड मेजर लीग क्रिकेट 2024 के आगामी संस्करण के लिए वाशिंगटन फ्रीडम में अपने हमवतन स्टीवन स्मिथ के साथ शामिल होंगे। टी 20 विश्व कप के समापन के बाद 4 जुलाई को एमएलसी शुरू होगी। हेड ने इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के बाद आराम करने के बजाय क्रिकेट खेलने का फैसला किया है। ऑस्ट्रेलिया विश्व कप के समापन के बाद सितंबर तक कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेलेगा, जिसके बाद वे इंग्लैंड के सफेद गेंद दौरे पर निकलेंगे।



हेड वर्तमान में चल रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद का हिस्सा हैं। उन्होंने चार मैचों में भाग लिया है और 33.25 की औसत और 172.73 की स्ट्राइक रेट से 133 रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप जीत के बाद, हेड ने इस साल फरवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी घरेलू सफेद गेंद श्रृंखला से बाहर होने का फैसला किया। हेड और स्मिथ वाशिंगटन फ्रीडम के नए कोच, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग के साथ जुड़ेंगे। पोंटिंग ने हाल ही में ग्रेग शिपर्ड की जगह ली और एमएलसी फ्रेंचाइजी के नए कोच बने। स्मिथ पिछले साल फ्रीडम के ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल हुए थे, और ऑस्ट्रेलिया का अंतर्राष्ट्रीय कैलेंडर उन्हें जुलाई तक भाग लेने की अनुमति देता है, जिससे यह कदम व्यापक रूप से अपेक्षित है।

ऑस्ट्रेलिया में स्मिथ की स्थानीय टीम, न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) ने फ्रीडम के साथ एक उच्च-प्रदर्शन समझौता किया है। स्मिथ के साथ, फ्रीडम ने हाल ही में न्यूजीलैंड के हरफनमौला खिलाड़ी रचिन रवींद्र के साथ अनुबंध की घोषणा की। उन्होंने 2023 सीज़न के दो विदेशी खिलाड़ियों-मार्को जानसन और अकील होसेन को भी बरकरार रखा। स्मिथ और हेड के अलावा, एमएलसी के दूसरे सीज़न में शामिल होने वाले अन्य ऑस्ट्रेलियाई सितारों में एडम ज़म्पा (लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स), स्पेंसर जॉनसन (नाइट राइडर्स) और टिम डेविड (एमआई न्यूयॉर्क) शामिल हैं।



# विजय की द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम की रिलीज डेट सामने आई

सुपरस्टार दलपति विजय की आने वाली फिल्म द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' की रिलीज की तारीख सामने आ चुकी है। विजय की यह फिल्म लंबे समय से सुर्खियों में हैं। फिल्म की रिलीज डेट को जानकर विजय के प्रशंसकों का उत्साह चरम पर पहुंच गया है।फिल्म के निर्माताओं में से एक, ऐश्वर्या कल्पथी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा की। इसके साथ उन्होंने फिल्म का एक पोस्टर भी साझा किया। पोस्टर में दलपति विजय दमदार लुक में नजर आ रहे हैं। ऐश्वर्या ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में जानकारी देते हुए बताया कि फिल्म द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' 5 सितंबर, 2024 को रिलीज होगी। यह फिल्म बेहद खास होने वाली है।फिल्म के नए पोस्टर में विजय एकदम अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में एक विस्फोट होता हुआ भी दिखाई दे रहा है। हाल ही में, दलपति विजय का फिल्म के सेट से एक वीडियो भी वायरल हुआ था, जिसमें वे किक स्कूटर चलाते हुए दिखाई दे रहे थे। इस फिल्म में विजय दोहरी भूमिका में नजर आएंगे। दर्शकों को उन्हें दो-दो किरदार में देखना काफी रोचक होने वाला है। फिल्म द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम में विजय के साथ-साथ मीनाक्षी चौधरी, जयराम, प्रभु देवा, माइक मोहन और योगी बाबू अहम किरदार निभाते नजर आएंगे।

# पलक तिवारी की लेटेस्ट फोटोशूट ने इंटरनेट पर लगाई आग

बॉलीवुड एक्ट्रेस पलक तिवारी को इंडस्ट्री में भले ही ज्यादा टाइम न बीता हो, लेकिन ग्लैमर वर्ल्ड के तौर तरीके वह अच्छी तरह से जानती हैं। स्लिम और सिजलिंग पलक तिवारी खूबसूरती में बढ़ी से बढ़ी एक्ट्रेस को मात देती हैं।पलक ने सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान से हिंदी सिनेमा में डेब्यू किया। मूवी को बॉक्स ऑफिस पर भले ही अच्छा रिस्पांस न मिला हो, लेकिन पलक की परफॉर्मेंस को काफी सराहा गया। श्वेता तिवारी की बेटी होने के कारण पलक को इंडस्ट्री के दांव पेंच शुरू से पता हैं। पलक तिवारी ने कम काम किया है, लेकिन जितना भी किया उन्हें उस परफॉर्मेंस के लिए तारीफ मिली है। उन्होंने साबित किया है कि वह ब्यूटी और टैलेंट में बिलकुल अपनी मां की तरह हैं। पलक की लेटेस्ट फोटोज सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रही हैं।ग्रे शिमरी जींस, टॉप और जैकेट में पलक ने कातिलाना फोटोशूट कराए हैं, जिसे देखने के बाद फैंस उन्हें एक टक निहारने को मजबूर हैं। कभी साइड पोज, तो कभी सिडक्टिव स्टाइल में पलक तिवारी ने कुछ ऐसी तस्वीरें खिंचवाई हैं कि देखने वाले बस देखते रह जाएं।हॉटनेस से भरी पलक की फोटोज देख लोगों ने उन्हें स्टनिंग एक्ट्रेस बताया है। एक फैन ने कमेंट किया, बिलकुल अपनी मां जैसी लग रही हैं। एक यूजर ने कहा कि पलक तिवारी हर तरह से फिट लगती हैं।



# तमन्ना भाटिया की हॉरर-कॉमेडी अरनमनई 4 का जारी हुआ ट्रेलर

साउथ सिनेमा की मोस्ट पॉपुलर फ्रेंचाइजी अरनमनई के चौथे पार्ट का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जबसे इसकी घोषणा हुई है ये हॉरर कॉमेडी फिल्म चर्चा में बनी हुई है। वहीं अब फैंस के एक्साइटमेंट को दोगुना करने के लिए मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। अरनमनई 4 आने वाली 26 अप्रैल को रिलीज होगीफिल्म का ट्रेलर काफा शानदार है, जिसे दर्शकों की तरफ से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहे हैं। ट्रेलर में तमन्ना भाटिया का दमदार रोल में नदर आ रही हैं। बता दें कि अरनमनई 4 को सुंदर सी ने डायरेक्ट किया है और अवनि सिनेमैक्स के बैनर तले खुशबू सुंदर ने इसे प्रोड्यूस किया है.। फिल्म में सुंदर, राशि खन्ना, संतोष प्रताप और कई एक्टर्स अहम भूमिकाओं में हैं। वहीं अरनमनई 4 के अलावा, तमन्ना के पास और भी फिल्में पाइपलाइन में हैं। एक्ट्रेस बहुत जल्द जॉन अब्राहम की फिल्म वेदा में नजर आने वाली हैं। हाल ही में इस एक्शन थ्रिलर फिल्म का टीजर सामने आया था जिसमें जॉन अब्राहम फूल ऑन एक्शन मोड में दिखाई दिए। बता दें कि ये फिल्म 12 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.इसके अलावा तमन्ना तेलुगु में ओडेला2 में भी दिखाई देंगी। इन दिनों वो फिल्म की शूटिंग में व्यस्त चल रही हैं। फिल्म में तमन्ना के अलावा हेबा पटेल और वशिष्ठ एन. सिम्हा भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। बता दें ओडेला 2 का निर्देशन अशोक तेजा कर रहे हैं. इसका पहला पार्ट सुपरहिट साबित हुआ था।




# जब राजेश खन्ना को हुई फिरोज खान से जलन

### फिर मन को बहलाया,क्यों कहा था... मैं मरने से पहले मरना नहीं चाहता...





साल 1971 में एक फिल्म रिलीज हुई, जिसका नाम था आनंद,इसमें उन्होंने वो किरदार निभाया,जिसमें वो मरने वाले होते हैं. लेकिन, आनंद की रिलीज से ठीक एक साल पहले यानी साल 1970 में एक फिल्म और रिलीज हुई, जिसमें उन्होंने कैंसर रोगी की ही भूमिका निभाई थी। क्या आपको याद है वो फिल्म?

फैंस क्या होते हैं... मुझसे पूछो... मोहब्बत की वो आंधी, वो जज्बा वो आंधी, हवा बदल सकती है, लेकिन फैंस नहीं...अगर आप फिल्मों के शौकीन हैं, तो आप जानते होंगे कि इन चंद लाइनों का वास्ता किस एक्टर से है। वो एक्टर, जिन्होंने अपने दौर में एक के बाद एक सुपरहिट फिल्में की. वो सितारा, जिसको देखने के लिए फीमेल फैंस ही नहीं मेल फैन भी लंबी कतारों में खड़ा रहा करते थे। वो सितारा, जिसमें जिंदादिल कैंसर रोगी का किरदार, ऐसे जिया कि जिसमें भी देखा वो उन्हें आजतक नहीं भूल पाया। जी हां... बात कर रहे हैं हिंदी सिनेमा के पहले सुपरस्टार यानी राजेश खन्ना की. लेकिन, क्या आप जानते कि राजेश खन्ना को फिरोज खान से जलन होने लगी थी। जिंदगी का सफर है ये कैसे सफर कोई समझा नहीं, कोई जाना नहीं... गाने की इस लाइन से आप समझ गए होंगे, ये फिल्म है सफर। मुशीर-रियाज की जोड़ी ने इस फिल्म को प्रोड्यूस किया था और फिल्म को डायरेक्ट किया था असित सेन ने. फिल्म की कहानी बंगाली फिल्म के राइटर आशुतोष मुखर्जी की एक कहानी पर आधारित थे. फिल्म में राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर, फिरोज खान,अशोक कुमार, अरुणा ईरानी और महेश कोठारे जैसे कई नामी सितारे थे। उस दौर में बॉलीवुड हैंडसम स्टार्स में से एक फिरोज खान सफर फिल्म में सपोर्टिंग रोल में नजर आए. फिरोज खान इससे पहले फिल्में कर चुके थे, लेकिन उन्हें कोई बड़ा किरदार नहीं मिला था। हालांकि, ये उनकी राजेश खन्ना के साथ दूसरी और आखिरी फिल्म रही। दोनों इससे पहले फिल्म औरत में साथ नजर आए थे. वहीं, शर्मिला टैगोर के साथ उनकी ये पहली फिल्म थी। कहा जाता है कि इस फिल्म के रिलीज के बाद फिरोज खान की काफी तारीफ होने लगी थी. उनकी एक्टिंग को लोग सराहा रहे थे, जिससे काका थोड़े असहज जरूर हो गए थे, लेकिन उन्होंने फिर ये सोचकर इग्नोर कर दिया कि फिरोज खान उनके स्टारडम के आगे कुछ नहीं है. क्योंकि इतनी तारीफों के बाद भी एक्टर को लीड रोल नहीं मिल पा रहे थे और फिर उन्होंने खुद का प्रोडक्शन हाउस खोला और एक से बढ़कर एक फिल्म दी।

इस फिल्म का वो डायलॉग आपको याद है? जिसमें राजेश खन्ना कहते हैं मैं मरने से पहले मरना नहीं चाहता... फिल्म के इस डायलॉग को सुनने के बाद सिनेमाघरों में फूट-फूटकर रोने लगे थे।राजेश खन्ना का क्रेज फैंस के बीच उनकी फिल्म सफर के दौरान कैसा था? इस बात का खुलासा फिरोज खान की मां के रोल में आई एक्ट्रेस नादिरा ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया था। उन्होंने बताया था कि सफर के रिलीज के दौरान जब काका की कार मुंबई के अप्सरा टॉकिज पर रुकी, तो फैंस ने उनकी कार को घेर लिया और राजेश खन्ना कार से उतरे, तो चारों तरफ उनके नाम को लोग पुकार रहे थे।2 घंटे 20 मिनट की इस फिल्म में कुल 5 गाने थे. इस के पांचों गाने सुपरहिट हुए थे। गानों को आनंद-कल्याणजी की जोड़ी ने कंपोज किया था। इन गानों को अपनी मखमली आवाज मन्ना डे, लता मंगेशकर, मुकेश और किशोर कुमार थे. फिल्म करीब 50-75 के बजट में तैयार हुई थी. फिल्म की कमाई की बात करें तो इस फिल्म ने भारत में करीब डेढ़ करोड़ का करोबार किया था और फिल्म की दुनियाभर की कमाई की बात करें तो इस फिल्म ने उस दौर में 2 करोड़ 90 लाख का कारोबार किया था. ये 1970 की टॉप 5 फिल्मों में से एक रही।

# बृजमोहन अग्रवाल के नामांकन रैली में उमड़ा जन सैलाब

## 50 कांग्रेसी कार्यकर्ता हुए भाजपा में शामिल

**रायपुर, 15अप्रैल 2024(ए)।** रायपुर लोकसभा भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल की नामांकन रैली में सोमवार को रायपुर लोक सभा क्षेत्र के 9 विधानसभा क्षेत्रों से ऐतिहासिक जन सैलाब उमड़ पड़ा। रायपुर जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर से जुलूस की शक्ल में निकली रैली में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के अलावा महिलाएं शामिल रही।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नामांकन रैली सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह लोकसभा चुनाव नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। रायपुर लोकसभा से सीएम ने बृजमोहन अग्रवाल को 8 लाख से अधिक वोटों से जिताने की अपील की। प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह ने कहा कि प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटों में कमल खिलाकर देश में मोदी जी की सरकार बनानी है। डबल इंजन की सरकार छत्तीसगढ़ में तेजी से विकास करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने 90 दिनों में ही मोदी की गारंटी में किए अधिकांश वादों को पूरा करके दिखाया है।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा इंदिरा गांधी के जमाने से कांग्रेस गरीबी हटाने का नारा देकर जनता को बेवकूफ बना रही है। अब राहुल गांधी ने फिर एक झटके में गरीबी हटाने की बात की है झूठ का कारोबार करने वाली ऐसी कांग्रेस को सबक सिखाना है कांग्रेस के पास न ट्रैक रिकार्ड है न आगे का विजन है न नेतृत्व है न संगठन जबकि भाजपा के पास विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी है,उनका 10 साल का ट्रैक रिकॉर्ड है। आने वाले 25 साल का विजन है भारत ने अब मोदी जी नेतृत्व में आर्थिक महाशक्ति बनने का निर्णय ले लिया है।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि यह लोकसभा चुनाव जीत के लिए नहीं रिकॉर्ड बनने के लिए हो रहा है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद हर काम तेजी से हो रहा है। किसान, मजदूर, महिलाएं, सबके लिए काम हो रहे है। मोदी सरकार वह सरकार है जिसके आने से भारत का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है।




पहले आतंकी कहते थे कि जेल में जाएंगे तो बिरयानी खाने को मिलेगा लेकिन अब वह समय चला गया है। 500 साल के बाद भारतीय जन चेतना के प्रतीक भगवान श्री राम का भव्य मंदिर अयोध्या में बन चुका है। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व से संभव हुआ है।

भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की जनता ने 23 साल का रिकॉर्ड तोड़ा है, उसी तरह आगामी लोकसभा चुनाव में भी हमें सारे रिकॉर्ड तोड़ने हैं। रायपुर से यह संदेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को जाना चाहिए की छत्तीसगढ़ की 11 में से सभी 11 लोकसभा सीटें विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हम जीत रहे हैं। घर-घर जाकर जनता को और अपने परिवार के हर सदस्य को बताना है कि कमल का बटन दबाना है। 7 मई को कमल पर ऐसे बटन दबाना है कि 4 जून को जब नतीजे खुलें तो उममें कमल फूल ही निकले। कमल का फूल निकलेगा, बीजेपी जीतेगी, मां लक्ष्मी प्रसन्न होगी और छत्तीसगढ़ का विकास होगा।

### कई जगहों से होकर गुजरी रैली

रायपुर लोकसभा भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल की नामांकन रैली जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर से निकलकर शहर के मुख्य मार्गों जयस्तंभ चैक,शारदा चैक से तात्यापारा होते हुए सत्ती बाजार, सदर बाजार, मालवीय रोड, से पुनः जयस्तंभ चैक होते हुए घड़ी चैक पहुंची। जगह-जगह शहर में स्वागत मंच बनाकर नामांकन रैली पर पुष्प वर्षा कर अभूतपूर्व स्वागत किया गया।

इस दौरान स्व. मेहत्तर लाल साहू के पुत्र वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शंकर लाल साहू ने भाजपा प्रवेश किया। राम मंदिर मामले में कांग्रेस के रवैय्ये से नाराज वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पुष्पेंद्र परिहार ने कांग्रेस छोड़कर अपने 50 साथियों के साथ भाजपा का दामन थाम लिया। जोगी कांग्रेस के युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार साहू,रामराज्य परिवार के विजय गोलू गवली, भोजपुरी समाज के वीरेंद्र यादव, राज्य नर्सिंग संगठन के अजय त्रिपाठी, मयंक बाफना, तरुण सोनी, राज नायक, योगेंद देवांगन सहित अनेक संगठनों के सैकड़ों कार्यकर्ता सदस्यों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# शूटर चिमन सिंह और सहयोगी विनोद 15 साल बाद फिर पहुंचे जेल

## हाईकोर्ट से उम्र कैद की सजा सुनाए जाने के बाद शूटर व सहयोगी ने किया सरेंडर,याहया ढेबर समेत पांच को सुप्रीम कोर्ट से मोहल्लत

**रायपुर, 15अप्रैल 2024(ए)।** एनसीपी नेता रामावतार जग्गी हत्याकांड मामले में दो दोषियों ने सोमवार को न्यायालय के समक्ष सरेंडर कर दिया। विशेष न्यायाधीश पंकज कुमार सिन्हा की कोर्ट में दोषी पाए गए शूटर चिमन सिंह और उसके सहयोगी विनोद सिंह पेश हुए। हाईकोर्ट के फैसलने के मुताबिक दोनों को जेल दाखिल कराया गया।

हाईकोर्ट ने पूर्व में लोअर कोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए हत्याकांड में दोषी सभी आरोपियों को उम्र कैद की सजा सुनाई थी। हत्याकांड में कुल 28 आरोपी थे जिसमें एक बुल्टू पाठक की मौत हो चुकी है। मालूम हुआ है याहया ढेबर समेत अन्य पांच लोगों ने



सरेंडर के लिए मोहल्लत मांगी है जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। हालांकि इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं है। एनसीपी नेता रामावतार जग्गी के पुत्र सतीश जग्गी सरेंडर के दौरान अपने वकीलों के साथ कोर्ट में मौजूद रहे। सतीश जग्गी ने बताया, पांच लोगों को राहत मिलने की उन्हें जानकारी नहीं है। अभी तक आर्डर की कापी नहीं मिली है।

हत्याकांड में दोषी चिमन सिंह और विनोद के सरेंडर करने पर उन्हें वापस जेल भेजा गया है।

सतीश जग्गी ने बताया, गोलीकांड को अंजाम देने के पीछे चिमन सिंह की मुख्य भूमिका थी। विनोद के अलावा कुल 28 लोगों पर केस दर्ज हुआ था जिसमें निचली अदालत की ओर से उम्र कैद की सजा सुनाई गई थी। इस प्रकरण में दो गवाह पेश हुए थे।

# छत्तीसगढ़ की 11 सीटें बनेगा आधार



- एनडीए अब की बार 400 पार
- भाजपा के संकल्प पत्र पर बोले विधायक अमर अग्रवाल

**बिलासपुर, 15अप्रैल 2024(ए)।** विधायक अमर अग्रवाल, ज़िला अध्यक्ष रामदेव कुमावत और जिला कोषाध्यक्ष गुलशन ऋषि ने भाजपा के संकल्प पत्र मोदी की गारंटी पर प्रेस वार्ता की। अमर अग्रवाल ने कहा कि सात चरणों में होने वाले चुनाव के लिए संकल्प पत्र जारी हुआ है। घोषणा पत्र के स्थान पर भाजपा ने संकल्प पत्र शुरू किया है। 18वीं लोकसभा के चुनाव के लिए संकल्प पत्र जारी हुआ है।

### देश को मोदी की गारंटी पर विश्वास

विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों से अपना संकल्प पत्र जारी किया है। इसकी पहली चार प्रतियां देश के चार सामाजिक स्तंभों का प्रतिनिधित्व करने वाली हैं। ये हैं गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, आवास योजना सहित तमाम गरीब कल्याणकारी योजनाओं को जारी रखने और और उनके दायरे को बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। संकल्प पत्र में नेशन फर्स्ट के भाव के साथ विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया गया है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत काल का ये पहला चुनाव है, जिसमें आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना को लेकर चुनाव लड़ा जा रहा है। देश की अस्मिता, सुरक्षा, आस्था और अर्थव्यवस्था को लेकर मोदी की गारंटी इस संकल्प पत्र का आधार बना है।

# आरपीएफ इसंपेक्टर के बेटे की खदान में मिली लाश,हत्या की आशंका

**दुर्ग, 15अप्रैल 2024(ए)।** दुर्ग जिले के पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र में उम्दा हाउसिंग बोर्ड के पास एक मुरूम खदान में डूबने से 21 साल के युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर एसडीआरएफ दुर्ग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद शव को ढूंढकर पानी से बाहर निकाला। पुरानी भिलाई पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। पुरानी भिलाई थाना प्रभारी ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड उम्दा भिलाई 3 में काफी पुरानी मुरुम खदान है। खदान काफी गहरा है और वहां पानी भरा हुआ है। पदुम नगर भिलाई 3 निवासी इजलाल अहमद का बेटा हिलाल अहमद शनिवार शाम




को नमाज अदा करने वहीं पास के मस्जिद में गया था। हिलाल की दिमागी हालत ठीक नहीं है। वो रात में मस्जिद बंद होने तक वहीं रुक गया।

जब रात में मस्जिद बंद होने लगी, तो हिलाल भी वहां से घर जाने के लिए निकला, लेकिन रास्ता भटक गया और उम्दा की तरफ चला गया। वहां वो मुरूम खदान में गिरने से गहरे पानी में चला गया और डूब गया। हिलाल जब रात में घर नहीं पहुंचा, तो परिजनों ने उसकी तलाश की। सुबह पुलिस को सूचना मिली कि मुरुम खदान में किसी की लाश मिली है। पुलिस ने तुरंत एसडीआरएफ की टीम को बुलाया। डीप डाइविंग अनुभवी जवान इंद्रपाल यादव और राजकुमार यादव ने कड़ी मेहनत कर बॉडी को बाहर निकाला और पुलिस के सुपुर्द किया। इसके बाद पुलिस ने शव की पहचान परिजनों से कराई। परिजनों ने शव की पहचान हिलाल के रूप में की। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सुपेला अस्पताल स्थित मर्चुरी भेजा गया। हिलाल के पिता इजलाल अहमद आरपीएफ में इंस्पेक्टर हैं। उनके 3 बेटे हैं, जिनमें ये सबसे छोटा था।

# अब सुरक्षा जांच की लंबी प्रक्रिया से बचेंगे हवाई यात्री

- सोमवार से शुरू हुआ डिजी यात्रा का ट्रायल
- शुरू हो गया डिजी हवाई यात्रा का ट्रायल
- विस्तारा एयरलाइंस के हवाई यात्रियों को ही मिलेगी सुविधा

**रायपुर, 15अप्रैल 2024(ए)।** हवाई यात्रियों को अब स्वामी विवेकानंद विमानतल में लंबी सुरक्षा जांच की प्रक्रिया से नहीं गुजरना होगा। बताया जा रहा है कि सोमवार 15 अप्रैल से यहां डिजी हवाई यात्रा का ट्रायल शुरू हो गया और आने वाले दिनों में पूरी तरह से इसे लागू किया गया। हालांकि डिजी हवाई यात्रा का सुविधा अभी केवल विस्तारा एयरलाइंस के यात्रियों की ही मिल पाएगी, क्योंकि बताया जा रहा है कि इंडिगो एयरलाइंस की वेबसाइट डाउन है, इसके कारण ही विमानन कंपनी ने घोषणा की है कि अभी डिजी यात्रा व सेल्फ बैगेज ड्राप की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।

विमानन अधिकारियों का कहना है कि चेहरे को पहचानने वाली इस तकनीक पर आधारित डिजी यात्रा की मदद से



विमानतल पर जांच के दौरान यात्रियों को काफी सुविधा होगी। लोगों को जांच की लंबी प्रक्रिया से नहीं गुजरना होगा। स्वामी विवेकानंद विमानतल के निदेशक एसडी शर्मा ने बताया कि सोमवार से डिजी यात्रा का ट्रायल शुरू हो जाएगा,इसकी तैयारी पूरी हो गई है। अभी विस्तारा एयरलाइंस द्वारा ही यह सुविधा शुरू की जा रही है।

### 14 नए विमानतलों में भी शुरू होगी सुविधा

जानकारी के अनुसार हवाई यात्रियों के सफर को आसान बनाने के लिए शुरू की जाने वाली डिजी यात्रा की सुविधा देश के 14 नए विमानतलों में भी शुरू होगी। साथ ही वर्ष 2025 में इसमें 11 और नए विमानतल जोड़े जाएंगे।डिजी यात्रा की सुविधा शुरू होने वाले विमानतलों में चेन्नई, भुवनेश्वर, कोयंबटूर, इंदौर, बागडोगरा, चंडीगढ़, रांची, नागपुर, पटना, रायपुर, श्रीनगर, विशाखापत्तनम आदि है।

### बढ़ गया डिजी एप का इस्तेमाल

डिजी यात्रा की सुविधा लेने के लिए हवाई यात्रियों को अपने मोबाइल में डिजी यात्रा एप भी डाउनलोड करना होगा। बतायाजा रहा है कि सरकार द्वारा ई-पासपोर्ट आधारित नामांगन भी शुरू करने जा रही है,इससे विदेशी नागरिकों को भी डिजी यात्रा का लाभ मिलेगा। आंकड़ों के अनुसार दिसंबर 2022 से नवंबर 2023 के बीच डिजी यात्रा एप का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। एप ने एंट्री व बोर्डिंग गेट पर लगने वाले समय को कम कर दिया है। डिजी यात्रा की शुरूआत दिसंबर 2022 में हुई थी।

### इन विमानतलों में चल रही सेवा

वर्तमान में डिजी हवाई यात्रा दिल्ली, बैंगलुरू, वाराणसी, कोलकाता, विजयवाड़ा, पुणे, मुंबई, कोचीन, अहमदाबाद, लखनऊ,जयपुर और गुवाहाटी में चल रही है। डिजी यात्रा के लिए दिया गया डाटा एनक्रिप्टेड होता है। यात्री को आधार नंबर के हिसाब से एनरोलमेंट करने का मौका मिलता है। साथ ही अपनी फोटो व डिटेल भी अपलोड करने होते है। इसके बाद बोर्डिंग पास को स्कैन करते ही आपकी जानकारी विमानतल के साथ साझा कर दी जाती है।

### यात्रियों की स्वेच्छा है डिजी यात्रा

विमानतल ई-गेट पर यात्री को पहले बार कोडेड बोर्डिंग पास को स्कैन करना होगा। ई-गेट पर मौजूद फेशियल रिकग्रिशन सिस्टम यात्री की पहचान औरयात्रा दस्तावेज की जांच कर लेगा। प्रक्रिया पूरी होने के बाद यात्री ई-गेट के जरिए ही विमानतल में प्रवेश कर सकता है। हालांकि डिजी हवाई यात्रा यात्रियों के लिए स्वैच्छिक रहेगी।

# नक्सलियों ने किया बंद का आह्वान



**बीजापुर, 15अप्रैल 2024(ए)।** जिले में लोकसभा चुनाव से पहले नक्सलियों ने बंद बुलाया है. बीजापुर में नक्सल बंद का मिला जुला असर देखने को मिल रहा है। जिला मुख्यालय और भोपालपटनम में सभी जगहों पर दुकानें खुली हैं। नक्सलियों के बंद का असर आवापल्ली, उसूर, बासागुडा में देखने को मिला है। यहां लोगों ने नक्सलियों के डर से अपनी दुकानें बंद रखी है। नक्सली बंद के चलते पुलिस ने दो दिन पहले शहर के व्यापारियों की बैठक ली और बंद को समर्थन नहीं देने की अपील की थी जिसके चलते बीजापुर और भोपालपटनम की दुकानें आज खुली हुई हैं लेकिन आवापल्ली में बंद का असर देखने को मिल रहा हैं। बंद के चलते अब तक यात्री बसें नहीं चल रही हैं। रास्ते में केवल एक-दो निजी वाहनों की आवाजाई हो रही है। नक्सलियों ने बंद के दौरान बीजापुर के पुराना बस स्टैंड में पर्चा फेंका है। इन पर्चों में नक्सलियों ने लोगों से चुनाव बहिष्कार करने की अपील की है। यह पर्चा नक्सलियों के पश्चिम बस्तर डिवीजनल कमेटी ने फेंका है। बीजापुर पुराना बस स्टैंड में नक्सल पर्चा फेंका जाना जिला मुख्यालय बीजापुर में चर्चा का विषय बन गया है। कुछ इलाकों में वोटिंग को लेकर लोग डरे हुए हैं।

## 26 नक्सलियों ने किया सरेंडर



**दंतेवाड़ा, 15अप्रैल 2024(ए)।** इनामी नक्सलियों ने सोमवार को समाज की मुख्यधारा में शामिल होने के लिए आत्मसर्मपण किया. इसमें 20 पुरुष और 6 महिला माओवादी ने लोन वर्राटू (घर वापस आइए) अभियान से प्रभावित होकर अपने हथियार डाले. कुल 26 नक्सलियों ने दंतेवाड़ा पुलिस अधीक्षक गौरव राय के समक्ष आत्मसमर्पण किया।

आत्मसमर्पित माओवादी दंतेवाड़ा,बीजापुर,कोंडागांव,सुकमा एरिया कमेटी सहित चारों जिलों में सक्रिय थे। समर्पित माओवादियों में डीएकेएमएस अध्यक्ष पर छत्तीसगढ़ शासन ने लाखों रुपए का इनाम घोषित किया था।. इसके अलावा समर्पित माओवादियों में सुकमा जिला का पंचायत जनताना सरकार अध्यक्ष जोगा मुचाकी पर भी एक लाख का इनामी घोषित है।

# युवक के मलद्वार में फंसी शराब की बोतल

## आपरेशन कर निकाला बाहर

**कोरबा, 15अप्रैल 2024(ए)।** पाली में एक अनोखा मामला सामने आया, यहां एक युवक के मलद्वार से पेट में जाकर शराब की बोतल फंस गई। इससे युवक परेशान हो गया। बाद में आपरेशन कर डाक्टरों ने बोतल बाहर निकाला। कभी-कभी ऐसी घटनाएं देखने और सुनने को मिलती हैं जिन पर यकीन बड़ी मुश्किल से हो पाता है। ऐसी ही एक घटना पाली क्षेत्र में सामने आई। ग्राम धौराभांठा स्थित जूनापारा निवासी एक युवक उपचार के लिए एक निजी चिकित्सालय में पहुंचा। युवक कुछ बात नहीं रहा था और पेट की दर्द से तड़प रहा था, तब डाक्टर



ने उसके पेट का एक्स-रे कराने का सलाह दिया।

इस बीच युवक ने अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी स्वजनों को दी। अस्पताल पहुंचे स्वजनों ने डाक्टर की सलाह पर युवक का एक्स-रे कराया, तो उसकी पेट में शराब की बोतल होने की जानकारी सामने आई। रिपोर्ट देख डाक्टरों ने आपरेशन करने पर ही बोतल बाहर निकलने की जानकारी दी। स्वजनों की अनुमति के बाद डाक्टरों ने युवक का आपरेशन कर पेट से शराब की बोतल बाहर निकाला। बताया जाता है कि युवक की दिमाग की हालत ठीक नहीं है और वह बवासीर से परेशान था। दिशा मैदान (शौच) के दौरान दर्द हुआ, तब उसने शराब की बोतल से खुजलाया और धीरे-धीरे करके खुजलाते रहा तभी अचानक शराब की बोतल हाथ से फिसल कर गुदा द्वार से पेट के अंदर घुस गई। लोक लाज की डर से युवक ने घटना की जानकारी न तो स्वजनों को दी और ना ही किसी को बताया।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)